रोहतक
शनिवार 14 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 38
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 32.9
न्यून. 15.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,563.92 | 1470.50▼ |
| निफ्टी | 23,151.10 | 488.05▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,65,200/- | 2000/-▼ |
| चांदी | 2,65,500/- | 11000▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 92.45 | 20 पैसे▼ |
| क्रूड ऑयल 101.9 बैरल | | 1.41%▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।



# भारत को दोस्त बता ईरान ने होर्मुज से दिया रास्ता

## भारतीय तेल टैंकर जग प्रकाश होर्मुज स्ट्रेट से रवाना

**ईरानी राजदूत बोले**

भारत और ईरान के बीच लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रिश्ता

- दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय स्तर पर साझा हित
- अधिकारी मिलकर सहयोग बढ़ाने का रास्ता तैयार कर रहे
- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आता है भारत का 80 फीसदी क्रूड ऑयल

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान/नई दिल्ली

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे सवाल पूछा गया कि क्या ईरान भारत को होर्मुज स्ट्रेट में रास्ता देगा। इस पर फतहाली ने कहा, "हां, क्योंकि भारत हमारा दोस्त है। आप दो-तीन घंटे में ऐसा होते देखेंगे।" उनके मुताबिक भारत और ईरान के बीच लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रिश्ता रहा है। इसी बीच ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ।

### भारत और ईरान को एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि भारत और ईरान को एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय स्तर पर साझा हित हैं। फतहाली ने कहा कि भारत सरकार ने कई मौकों पर ईरान की मदद की है और ईरान को भी भारत के साथ सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ईरान के उच्च अधिकारियों ने भारत में स्थित ईरानी दूतावास को निर्देश दिए हैं कि दोनों देशों की सरकारों के बीच सहयोग बढ़ाने का रास्ता तैयार किया जाए।


### फारस की खाड़ी में 24 जहाज फंसे

जहाजरानी मंत्रालय के स्पेशल सेकेट्री राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि गुरुवार क होर्मुज स्ट्रेट के पूर्व में, ओमान की खाड़ी में भारत के झंडे वाले चार जहाज फंसे हुए थे, जिनमें से एक जग प्रकाश अब रवाना हो गया है। तीन जहाज अभी भी फंसे हुए हैं और उन पर 76 भारतीय नाविक सवार हैं। सिन्हा ने आगे बताया कि शुक्रवार को होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में, फारस की खाड़ी में भारत के झंडे वाले 24 जहाज फंसे हुए थे, और इस सभी जहाजों पर कुल 677 भारतीय नागरिक सवार थे। बता दें कि दो सप्ताह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद है। यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरान हमला करके नष्ट कर देता है। इससे कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हो रही है।

### ओमान में ड्रोन हमले में 2 भारतीयों की मौत

ओमान के सोहार शहर में ड्रोन हमले में 2 भारतीयों की मौत हो गई है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ड्रोन हमले में 11 लोग घायल भी हुए हैं जिनमें 10 भारतीय हैं। विदेश मंत्रालय के गल्फ डिवीजन में अधिकारी असीम महाजन ने सरकारी ब्रीफिंग में बताया कि यह घटना मस्कट के पास स्थित सोहार शहर में हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारी स्थानीय प्रशासन और संबंधित कंपनी के साथ लगातार संपर्क में हैं, ताकि घायलों को हर संभव मदद दी जा सके। साथ ही भारतीय दूतावास मृतकों के पार्थिव शरीर को भारत भेजने की प्रक्रिया में भी मदद कर रहा है।

### ईरान जल्द सरेंडर करेगा, उसके मिसाइल-ड्रोन खत्म होने वाले हैं



इराक में 6 अमेरिकी सैनिकों की मौत, अमेरिकी एयरफोर्स का केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान क्रैश

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान जल्द सरेंडर कर सकता है। जी7 नेताओं के साथ वर्चुअल बैठक में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका-इजराइल के सैन्य अभियान से ईरान पर भारी दबाव बना है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान की नौसेना और वायुसेना को बड़ा नुकसान हुआ है और उसकी मिसाइल व ड्रोन क्षमता तेजी से खत्म की जा रही है। उन्होंने ऑपरेशन "एपिक फ्यूरी" का जिक्र करते हुए कहा कि इस अभियान से बड़ा असर पड़ा है। इसी बीच पश्चिमी इराक में अमेरिकी एयरफोर्स का केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान क्रैश हो गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक विमान में सवार सभी 6 सैनिकों की मौत हो गई है, जबकि 2 अभी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। इस घटना के बाद ईरान के साथ जारी युद्ध में मारे गए अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। (संबंधित खबर पेज-8 पर)

### ईरान के नए सुप्रीम लीडर का पैर काटने का दावा



रिपोर्ट्स में दावा, मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। रिपोर्ट के मुताबिक हमले में चोट इतनी गहरी थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा और लिवर को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। अस्पताल के एक हिस्से को पूरी तरह सील कर दिया गया है और वहां भारी सुरक्षा तैनात है। मुजतबा खामेनेई को अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद नया सुप्रीम लीडर बनाया गया था।

## केंद्र सरकार बोली, एलपीजी चिंता का विषय

- अब प्रतिदिन 75.7 लाख सिलेंडर बुक हो रहे, पहले 55.7 लाख होते थे
- लोग घबराकर जल्दबाजी में बुकिंग करवा रहे इससे बढ़ा संकट
- देशभर में 20 लाख बुकिंग बढ़ी सप्लाई पर भी दबाव बढ़ रहा

# एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पूरा स्टॉक, पैनिक होने की जरूरत नहीं

भारत सरकार ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन अवग-अलग मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से एलपीजी हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है। जंग के कारण देश में गैस बुकिंग की संख्या में लगभग 20 लाख की बढ़ोतरी हुई है। सरकार की तरफ से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी



(मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि जंग से पहले हर रोज औसतन 55.7 लाख सिलेंडरों की बुकिंग होती थी। अभी एक दिन में लगभग 75.7 लाख गैस बुकिंग हो रही है।

### गैस खत्म होने की रिपोर्ट नही

पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- हमारे 25,000 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स में से किसी पर भी गैस खत्म होने (ड्राई आउट) की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। मंत्रालय ने आगे कहा- केंद्र की तरफ से राज्यों को अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर केरोसिन आवंटन किया गया है। राज्यों से अपील की गई है कि वे जिलों में केरोसिन बांटने लिए जगह तय करें। वैकल्पिक ईंधन विकल्पों के लिए कोयला उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रदेश में एजेंसियों पर लंबी लाइनें, कई जगह हंगामा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** गैस सिलेंडर की मारामारी को लेकर हरियाणा के कई जिलों में शुक्रवार सुबह से ही लंबी लाइनें लगी रहीं। भिवानी, गुरुग्राम, रोहतक, रेवाड़ी जैसे जिलों में महिलाएं खुद लाइन में लगकर सिलेंडर लेने पहुंची। रेवाड़ी में तो हंगामे के चलते पुलिस तक बुलानी पड़ गई थी। उधर, रेवाड़ी के रहने वाले राजवीर ने बताया कि वो दो दिन से लाइन में लगे थे, लेकिन कोई हल नहीं रहा। वहीं, गुरुग्राम के सेक्टर-38 के एक गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली युवती ने मैस में चूल्हे पर डिनर बनाए जाने का वीडियो शेयर किया। इसके साथ ही शादी के सीजन में गैस की किल्लत पानीपत, सोनीपत और गुरुग्राम जैसे जिलों के कैटरर्स के लिए मुसीबत बन गई है। पानीपत में बैंकेट हॉल और मैरिज पैलेस में हलवाई लकड़ी और कोयला जलाकर खाना बना रहे हैं।

### एलपीजी की आपूर्ति सामान्य : सीएम



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि घरेलू एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित होने की जो अफवाहें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और लगातार रूप से जारी है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रदेश में ईंधन और गैस की उपलब्धता की समीक्षा की।

## खबर संक्षेप

**किसान सम्मान निधि**

### प्रदेश के 15.86 लाख किसानों के खातों में आए 328 करोड़ रुपये

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के तहत देश के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में 18 हजार 640 करोड़ रूपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। हरियाणा के 15 लाख 86 हजार किसानों के बैंक खातों में 328 करोड़ की राशि पहुंची। अब तक 22 किस्तों में 7 हजार 562 करोड़ की राशि मिल चुकी है। *ब्यूरो*

### अनिल अंबानी के बेटे से सीबीआई की पूछताछ

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 228 करोड़ के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति



अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से पूछताछ की। जय को को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व सीईओ तथा पूर्व पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधाकर समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। *एजेंसी*

### जम्मू में पाक ड्रोन से गिराया सामान बरामद

**जम्मू।** जम्मू शहर के बाहरी इलाके में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा



(आईबी) के पास सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध सामान बरामद किया, जिसे कथित तौर पर एक पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराया गया था। पीले रंग के प्लास्टिक में पैक की गई सामग्री को आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के किनारे एक अग्रिम क्षेत्र से बरामद किया गया। *एजेंसी*

# कांग्रेस का सीक्रेट राज्यसभा मिशन अपने विधायकों को भेजा हिमाचल

- कुफरी के पास होटल में रुकेंगे
- सांसद और नेताओं के लिए दूसरी जगह रूम बुक
- होटल के बाहर पुलिस का पहरा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक शिमला में रहेंगे। विधायक शिमला सिटी से 22 किलोमीटर दूर कुफरी के नजदीक गलू स्थित होटल ट्विन टावर में ठहरेंगे। यहां विधायकों के लिए कमरे पहले से बुक हैं। इसके अलावा, कुफरी के होटल रेडिसन में भी कुछ कमरे बुक किए गए हैं। यहां कांग्रेस सांसदों व नेताओं को ठहराया गया है। होटलों के बाहर हिमाचल पुलिस का पहरा है। कांग्रेस विधायक 3 टेम्पो ट्रैवलर में सवार होकर यहां पहुंचे। हरियाणा बॉर्डर से ही हिमाचल पुलिस इन्हें एस्कॉर्ट कर लेकर आई। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, बादली विधायक कुलदीप वत्स, जुलाना विधायक विनेश फोगाट, पंचकूला विधायक चंद्रमोहन बिश्नोई, पुन्हाना विधायक मोहम्मद इलियास और टोहाना विधायक परमवीर सिंह इनके साथ नहीं गए। 16 मार्च को सभी विधायक वोट डालेंगे और इसके बाद विधानसभा सेशन जॉइन करेंगे।

- तीन टैम्पो ट्रैवलर में सवार होकर निकले
- इससे पहले 37 विधायकों ने हुड्डा के निवास पर लंच किया
- हुड्डा समेत 6 विधायक नहीं गए हिमाचल



### मीटिंग छोड़ निकले चंद्रमोहन

पंचकूला से विधायक चंद्रमोहन करीब पौने 2 बजे हुड्डा आवास से निकल गए। हालांकि उस दौरान बाकी विधायक मीटिंग में ही थे। बाहर निकलकर चंद्रमोहन ने मीडिया से बात नहीं की। वे मोबाइल पर बात करते रहे। चंद्रमोहन की गिनती सांसद कुमारी सैलजा के करीबियों में होती है।

### वत्स बोले- मैं नहीं जा रहा

झज्जर जिले के बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स हुड्डा आवास पर लंच करने तो पहुंचे लेकिन हिमाचल जाने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके भतीजे की शादी हुई है। 15 मार्च को अनाज मंडी में रिसेप्शन पार्टी है। इसलिए हिमाचल नहीं जा सकते। इससे पहले 9 मार्च को कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में भी वत्स नहीं आए थे।

# अंबाला के बराड़ा में मिला दो किलो आरडीएक्स

**एसटीएफ और बम स्क्वायड ने संभाला मोर्चा**

**अंबाला (हरिभूमि न्यूज)।** जिले के बराड़ा क्षेत्र में संदिग्ध विस्फोटक मिलने की खबर सामने आई है। प्रारंभिक जांच में करीब दो किलो आरडीएक्स होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। बराड़ा रोड को एहतियात के तौर पर पूरी तरह बंद कर दिया गया है और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसटीएफ और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अधिकारी स्थिति का जायजा ले रहे हैं और लोगों को मौके से दूर रहने की सलाह दी गई है। सूचना मिलते ही स्पेशल टास्क फोर्स और जिला पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। बम निरोधक दस्ता भी जांच में जुटा हुआ है। पूरे क्षेत्र को घेरकर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हालांकि पुलिस अधिकारी अभी इस मामले में कुछ भी स्पष्ट बोलने से बच रहे हैं।

# जेट फ्यूल महंगा, एअर इंडिया के बाद इंडिगो ने भी बढ़ाया किराया

**घरेलू उड़ानों पर 425 और इंटरनेशनल पर 2300 तक एक्स्ट्रा चार्ज लगेगा**

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी जंग का असर अब आपकी हवाई यात्रा पर भी पड़ने लगा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की फ्लाइट से यात्रा 14 मार्च से महंगी होने जा रही है। एयरलाइन ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट टिकटों पर 425 से 2300 तक फ्यूल चार्ज लगाने का फैसला किया है। इसके बाद नई बुकिंग करने वाले यात्रियों को टिकट के साथ एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज देना होगा। एयरलाइन का कहना है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण जेट फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है, इसलिए टिकटों पर सरचार्ज बढ़ाया गया है। इंडिगो ने यात्रियों पर पड़ने वाले बोझ को कम रखने के लिए अलग-अलग दूरी के हिसाब से चार्ज तय किया है। कंपनी ने कहा कि पूरी बढ़ी हुई लागत को वसूलने के लिए किराए में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की जरूरत थी, लेकिन ग्राहकों की सुविधा को देखते हुए फिलहाल छोटा अमाउंट ही चार्ज किया जा रहा है। इंडिगो ने कहा कि वह स्थिति पर नजर बनाए रखेगी और जरूरत पड़ने पर इन चार्जेस में बदलाव किया जाएगा।

**टटीरी गाना विवाद**

# सिंगर-रैपर बादशाह की गिरफ्तारी की सिफारिश

## महिला आयोग अध्यक्ष बोलीं-पंचकूला और पानीपत एसपी पासपोर्ट जब्त करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**समन के बावजूद नहीं हुए पेश वकीलों की दलील-व्यस्त होने की वजह से बादशाह नहीं आ सके**

**महिला आयोग ने 6 मार्च को नोटिस भेज पेश होने को कहा था**

टटीरी सॉन्ग विवाद को लेकर हरियाणा महिला आयोग ने बॉलीवुड सिंगर-रैपर बादशाह को गिरफ्तार करने की सिफारिश की है। बादशाह शुक्रवार को समन पर पानीपत में पेश नहीं हुए। उनके वकीलों ने दलील दी कि किसी प्रोफेशनल कमिटमेंट में व्यस्त होने की वजह से बादशाह नहीं आ सके। आयोग से आगे का टाइम मांगा गया। इस पर महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया नाराज हो गईं। अध्यक्ष ने पंचकूला और पानीपत एसपी को बादशाह की गिरफ्तारी और पासपोर्ट जब्ती की सिफारिश की। उन्होंने कहा कि बादशाह देश छोड़कर न जाए। महिलाओं और बेटियों को बचाने के लिए अब आयोग लठ मारने आगे आया है। हरियाणा महिला आयोग की तरफ से पानीपत के एसपी को लिखित शिकायत दी गई। जिसमें कहा गया कि बादशाह के खिलाफ महिला आयोग के आदेश की अवहेलना करने पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। टटीरी सॉन्ग के आपत्तिजनक लिरिक्स और लड़कियों के शॉर्ट्स को लेकर महिला आयोग ने उन्हें 6 मार्च को नोटिस भेजकर पानीपत एसपी ऑफिस में पेश होने के लिए कहा था। हालांकि बादशाह के वकील ने सिक्योरिटी रीजन का हवाला देते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पक्ष रखने की परमिशन मांगी थी।

# चुनाव आयुक्त के खिलाफ दोनों सदनों में सौंपे नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का नोटिस संसद के दोनों सदनों में सौंप दिया है। इस नोटिस पर लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस के लिए कम से कम 100 लोकसभा और राज्यसभा में 50 सांसदों के समर्थन की जरूरत होती है। विपक्ष ने 193 हस्ताक्षर जुटाकर यह जरूरी आंकड़ा आसानी से पार कर लिया है। लोकसभा सचिवालय को सीईसी के खिलाफ टीएमसी का नोटिस मिल चुका है। नोटिस की जांच-पड़ताल की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। सीईसी के खिलाफ कई आरोप भी लगाए गए हैं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया गया है। यह नोटिस आधिकारिक रूप से शनिवार को पेश किया जाएगा। नोटिस में बिहार में एसआईआर को संभालने का तरीका, मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने, राजनीतिक दलों के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया के आरोप लगाए गए हैं।



**नोटिस के लिए लोकसभा के 100 और राज्यसभा के 50 सांसदों के समर्थन की जरूरत**

## पेड लीव देने की मांग वाली याचिका खारिज

# पीरियड्स में छुट्टी दी तो महिलाओं को कोई नहीं देगा नौकरी, करिअर हो जाएगा खत्म : सुप्रीम कोर्ट

**ऐसी याचिकाएं रूढ़ियों को मजबूत करेंगी**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को देशभर में महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं को पीरियड्स में पेड लीव देने की मांग वाली याचिका खारिज हो गई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी याचिकाएं अनजाने में महिलाओं के बारे में बनी रूढ़ियों को और मजबूत कर सकती हैं। यह कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, उनका करियर खत्म हो जाएगा। सीजेआई ने कहा कि ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए, यह जताने के लिए दायर की जाती हैं कि पीरियड्स उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। यह उनका पॉजिटिव राइट है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे पेड लीव देनी होगी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान मेंस्ट्रुअल लीव को अनिवार्य बनाने के संभावित सामाजिक परिणामों के बारे में चिंता जाहिर की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है।

### ये कहा सीजेआई ने



- मान लीजिए आप पूरे प्राइवेट सेक्टर को महीने में एक बार छुट्टी लेने का अधिकार देते हैं तो यह उनके विकास के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको वर्क प्लेस पर बनने वाली मानसिकता का अंदाजा नहीं है।
- इस पर कानून बना तो महिलाओं के करियर को होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाएगा। कोई भी उन्हें जिम्मेदारियां नहीं देगा, यहां तक कि ज्यूडीशियल सर्विस में भी, उन्हें सामान्य मुकदमे नहीं सौंपे जाएंगे।
- हम निर्देश देते हैं कि सक्षम प्राधिकारी सुप्रीम कोर्ट के24 फरवरी 2023 और 8 जुलाई 2024 के आदेशों के जरिए दिए गए निर्देशों पर विचार करे और एक नीति तैयार करे।

### तीसरी बार कोर्ट पहुंचा याचिकाकर्ता

पेड मेंस्ट्रुअल लीव की याचिका लेकर शैलेंद्र मणि तीसरी बार सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। पहली याचिका का निपटारा फरवरी 2023 में किया गया था, जिसमें याचिकाकर्ता को केंद्रीय महिला एवं बाल मंत्रालय के समक्ष अपना पक्ष रखने की अनुमति दी गई थी। 2024 में याचिकाकर्ता ने फिर कोर्ट में याचिका लगाई और कहा कि मंत्रालय ने उनके पक्ष में दिए गए जवाब पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उस याचिका का निपटारा जुलाई 2024 में किया गया था, जिसमें केंद्र सरकार से नीतिगत निर्णय लेने को कहा गया था।

## खबर संक्षेप

### हर माह की 10 तारीख को मिलेगी पेंशन व सब्सिडी

**चंडीगढ़।** सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत दी जाने वाली सब्सिडी, पेंशन तथा अन्य वित्तीय सहायता के वितरण को सुचारू बनाने के मकसद से बड़ा निर्णय लिया है। अब ये सभी लाभ हर महीने की 10 तारीख को डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जारी किए जाएंगे। इसके लिए हर महीने हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में एक औपचारिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक ही कमांड या बटन दबाकर लाभार्थियों के खातों में राशि जारी की जाएगी। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पत्र जारी किया है।

### राज्यसभा प्रत्याशियों पर कोई बकाया नहीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा से राज्यसभा के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर पंकज अग्रवाल ने एक सार्वजनिक सूचना जारी की है। सूचना में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों द्वारा अपने शपथ-पत्रों में दी गई सरकारी बकाया राशि से संबंधित जानकारी सभी निर्वाचकों की जानकारी के लिए प्रकाशित की गई है। नोटिस के अनुसार उम्मीदवारों द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों के प्रति देय बकाया राशि की जानकारी दी गई है। इसमें सरकारी आवास से संबंधित किराया, बिजली, पानी और टेलीफोन शुल्क सहित अन्य बकाया शामिल है।

### जानबूझकर अधिक भुगतान लेने वालों से वसूली जायज

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कानून का उद्देश्य केवल उन कर्मचारियों को संरक्षण देना है जिन्हें प्रशासनिक गलती के कारण अनजाने में अतिरिक्त भुगतान मिल गया हो। यदि किसी कर्मचारी को यह जानकारी थी या उसे पता होना चाहिए था कि उसे उसके अधिकार से अधिक वेतन मिल रहा है, तो ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा की गई वसूली को अवैध नहीं माना जा सकता। जस्टिस संदीप मौदगिल की पीठ ने एक पूर्व सैनिक की याचिका खारिज करते हुए यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की। याचिकाकर्ता ने अपने वेतन और पेंशन लाभों से 66,988 रुपये की गई वसूली को चुनौती देते हुए अदालत में याचिका दायर की थी।

## पंचकूला में तीन दिवसीय वसंत उत्सव शुरू, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# 2500 किस्म के फूल महके, एशिया का सबसे बड़ा कैक्टस गार्डन भी खोला गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार सेक्टर-5 स्थित टाउन पार्क में तीन दिवसीय 38वें वसंत उत्सव का शुभारंभ किया। 37 वर्षों में पहली बार इस उत्सव का आयोजन सूरजकुंड मेले की तर्ज पर किया जा रहा है। साथ ही, रखरखाव के लिए साल भर से बंद एशिया का सबसे बड़ा कैक्टस गार्डन भी जनता के लिए खोला गया है। उत्सव में 2500 किस्म के फूलों से गार्डन महक उठा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कार्यक्रम में पंहुचने पर परंपरागत पगड़ी बांध कर व ढोल नगाड़ो और वाद्ययंत्रों से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने वसंत उत्सव में फूलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कट फ्लावर, ड्राई फ्लावर और फ्रेश फ्लावर सेक्शन में फूलों की विभिन्न किस्मों में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वसंत उत्सव हमारी संस्कृति, प्रकृति प्रेम व सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव है। यह उत्सव पूरे प्रदेश के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पंचकूला हरियाणा का एक आधुनिक और व्यवस्थित शहर है। यह नगर प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ वातावरण और सुव्यवस्थित विकास का अद्भुत उदाहरण है।

■ वसंत मेले को सूरजकुंड मेले की तरह मिलेगी पहचान






### पक्की सड़कों से तीन फुट की दूरी पर ही लगाएं खंभे

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रमुख प्राथमिकता आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर व प्रभावी ढंग से उपयोग सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिविल सचिवालय में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पीडब्यूडी और बिजली निगम में बिजली की तारों व पोलों से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे लगाए जाने वाले बिजली के पोलों की उचित दूरी सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वाहनों की आवाजाही सुचारु रूप से बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली निगम पक्की सड़कों से कम से कम तीन फीट की दूरी पर ही पोल लगाए।

### सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करें, बिना वजह खर्च में बढ़ोतरी न हो




**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई विभाग के कार्यों में बिना उचित कारण के निर्धारित कार्यों के खर्च में बढ़ोतरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी भी उपस्थित थी। मुख्यमंत्री ने हमीदा हेड से पिचोलिया हेड तक संवर्धन नहर के पुनर्निर्माण कार्य की समीक्षा की और निर्धारित अवधि में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, वेस्टर्न यमुना कैनाल पर रेलवे ब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर भी निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य निर्धारित राशि में निर्धारित अवधि में पूरा हो जाना चाहिए। अगर किसी कार्य में ठेकेदार की गलती से कार्य की कीमत में एनहांसमेंट आती है तो उसको ब्लैक लिस्ट करें। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## यमुना में 11 नालों से डाला जा रहा प्रदूषित पानी, रोकने के लिए समितियां बनेंगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने यमुना नदी को स्वच्छ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इस संबंध में शुक्रवार यहां मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में अपशिष्ट जल उपचार, औद्योगिक अनुपालन और सीवरेज अवसंरचना में हुए महत्वपूर्ण सुधारों की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि यमुना में मिलने वाले 11 प्रमुख नालों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 1632 एमएलडी अपशिष्ट जल प्रवाहित होता है, जिसमें से करीब 1000 एमएलडी जल का उपचार किया जा रहा है। यह नदी के पुनर्जीवन के प्रति राज्य की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### हर 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश

इसके अलावा, प्रदूषण के स्तर में निरंतर कमी सुनिश्चित करने के लिए सभी नालों में जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी भी की जा रही है मुख्य सचिव शअनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए कि हर नाले के लिए मंडल आयुक्तों की अध्यक्षता में अलग-अलग समितियों का गठन किया जाए, जिनमें संबंधित सभी विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। ये समितियां हर 15 दिन में बैठक कर अपनी रिपोर्ट हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष को प्रस्तुत करेंगी। बैठक में बताया गया कि यमुना कैचमेंट क्षेत्र में सीवेज उपचार क्षमता के विस्तार के लिए राज्य सरकार ने बड़े स्तर पर कार्य शुरू किया है। वर्तमान में हरियाणा में 91 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) कार्यरत हैं, जिनकी कुल क्षमता 1543 एमएलडी है। इसके अतिरिक्त, 88 एमएलडी क्षमता के 3 एसटीपी निर्माणाधीन हैं, जिन्हें मार्च 2027 तक पूरा किए जाने की संभावना है।

## सरकार की लापरवाही से प्रदेश में एलपीजी का संकट : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा में बढ़ती एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। पूरे प्रदेश में रसोई गैस का गंभीर संकट खड़ा हो गया है और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ढांडा ने कहा कि प्रदेश के कई शहरों और कस्बों में गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। लोगों को कई-कई घंटे इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। पानीपत, करनाल, हिसार और आसपास के जिलों में हालात इतने खराब हो गए हैं कि कई जगहों पर 7 से 9 घंटे तक लाइन में लगने के बाद भी लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। कई जगहों पर गैस एजेंसियों के शटर बंद कर दिए जाते हैं और लोग परेशान होकर वापस लौट जाते हैं। कई जिलों में गैस की डिलीवरी सामान्य दिनों की तुलना में भारी गिरावट के साथ हो रही है। कुछ स्थानों पर एक एजेंसी से कुछ ही मिनटों में 300–350 सिलेंडर खत्म हो जा रहे हैं जबकि सैकड़ों लोग लाइन में लगे रह जाते हैं।



**कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री संजय श्रीमती रेनू मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10719518) | गांव मतलौडा तहसील मतलौडा, जिला पानीपत, हरियाणा, भारत-132113 में स्थित सम्पत्ति लाल डोरा सम्पत्ति आईडी 594300732 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Carpet_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1191.00, 1500.00, 1875.00 | रु. 552072/- रुपये पांच लाख बावन हजार बहत्तर केवल | 09-06-2025 | 10/03/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 14.03.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

### साइबर ठगी के आरोपी को राहत से इनकार

**चंडीगढ़।** फर्जी फेसबुक विज्ञापन के जरिए 40 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने आरोपित को राहत देने से साफ इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि जांच में सामने आए तथ्य बताते हैं कि आरोपित कई राज्यों में फैले एक संगठित आनलाइन ठगी नेटवर्क का हिस्सा प्रतीत होता है और उसके खिलाफ गंभीर आरोप हैं। ऐसे में इस स्तर पर आपराधिक कार्यवाही को रद्द करना उचित नहीं होगा।जस्टिस जसजीत सिंह बेदी की पीठ ने रौशन कुमार और एक अन्य आरोपित की उस याचिका को खारिज करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर, आरोपपत्र और पूरी आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग की गई थी। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया उपलब्ध साक्ष्य आरोपों को समर्थन देते हैं। मामला कुरुक्षेत्र के एक व्यापारी की शिकायत से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा गया जिसमें खुद को विजाग स्टील का प्रतिनिधि बताने वाले व्यक्ति ने सीधे कंपनी से लोहे के तार की सामग्री उपलब्ध कराने का दावा किया था।

■ व्यापारियों से 40 लाख की ठगी का आरोप

### युवा सम्मेलन 21 को, स्पीकर ने की तैयारियों की समीक्षा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की अध्यक्षता में शुक्रवार को दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मुरथल (सोनीपत) में 21 मार्च को आयोजित होने वाले युवा सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उच्चतर शिक्षा विभाग, सोनीपत प्रशासन, विश्वविद्यालय के अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया और कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान कल्याण ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्मेलन से जुड़े सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित किए जाएं।

### टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में एआई का किया जाएगा प्रयोग

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि हरियाणा ने पूरे राज्य में टीबी की पहचान, इलाज और भौगोलिक योजना को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित तीन टूल लागू किए हैं।टीबी उन्मूलन में राज्य की तकनीकी पहलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में टीबी उन्मूलन के लिए एक सुव्यवस्थित तीन-स्तरीय एआई रणनीति लागू की गई है, जिसके तहत स्क्रीनिंग, मरीजों की निगरानी व अन्य चीजों पर नजर रखी जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा

खुली निविदा संख्या 58–अम्बाला/2025–26, दिनांक: 12.03.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विविध ट्रैक रखरखाव कार्य जिनमें ईआरसी ग्रीसिंग, फिश प्लेट जोड़ों का स्नेहन, shallow स्क्रीनिंग और थ्रू पैकिंग, विभिन्न पी.वे. संबंधित कार्यों के लिए श्रम की व्यवस्था करना, ट्रैक और उपकर क्षेत्र की खरपतवार हटाना, विभिन्न पी.वे. संदर्भ स्तंभों की पेंटिंग और लेखन, पी.आर.सी और एसटी स्लीपरों का आकस्मिक या scattered प्रतिस्थापन, और रेल और डीएमटी/एनएमजी वैगनों की लोडिंग और अनलोडिंग शामिल हैं। | 1,43,41,412/- | 2,21,700/- | 12 महीने | 06.04.2026 |
| 2 | सीनियर डीईएन–I/यूएमबी अनुभाग में एडीईएन/सीडीजी और यूएमबी के अंतर्गत सीटीआर और टीबीआर के स्वीकृत कार्य के साथ–साथ बीसीएम/एफआरएम द्वारा गहन स्क्रीनिंग के साथ पूर्व और पश्चात ध्यान कार्य तथा अन्य ट्रैक कार्य। | 2,23,36,045/- | 2,61,700/- | 12 महीने | 06.04.2026 |
| 3 | (01) अंबाला डिवीजन के अंतर्गत सी एंड डब्ल्यू डिपो, सीडीजी में अवसंरचना सुविधाओं का संवर्धन। (02) यूएमबी डिवीजन के अंतर्गत सी. एंड डब्ल्यू डिपो, सीडीजी में मशीनीकृत लॉन्ड्री के लिए भूमिगत क्षैतिज डीजल टैंक का प्रावधान और स्थापना। (03) अंबाला डिवीजन के अंतर्गत 20000 से अधिक टीवीयू वाले मानवयुक्त गैर–इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों के इंटरलॉकिंग के लिए लेवल क्रॉसिंग संख्या सी–130 पर बैटरी रूम, आईपीएस रूम और रिले रूम का प्रावधान। | 1,14,78,045/- | 2,07,400/- | 06 महीने | 06.04.2026 |
| 4 | भवन, जल निकासी आदि की मरम्मत और बीसीएन आरओएच डिपो, यूएमबी के वॉशिंग मशीन लेथ और प्रशिक्षण केंद्र के लिए नए कमरों के प्रावधान द्वारा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि। | 3,60,64,825/- | 3,30,300/- | 12 महीने | 06.04.2026 |
| 5 | (I) अम्बाला मंडल में क्रू बुकिंग लॉबी के उन्नयन कार्य के अंतर्गत ADEN / SRE के अधीन SSE/W/L/SRE के सेक्शन में सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर क्रू बुकिंग लॉबी को नए स्थान पर स्थानांतरित करने का कार्य। (II) ADEN/SRE के अधीन SSE/W/L/SRE के सेक्शन में MB - SRE खंड पर स्थित मानवयुक्त, गैर–इंटरलॉक्ड समपार फाटक संख्या 2C (TVU 20000 से अधिक) का इंटरलॉकिंग कार्य। | 59,47,183/- | 1,19,000/- | 10 महीने | 06.04.2026 |
| 6 | एडीईएन/एसआरई के अंतर्गत एसआरई–यूएमबी सेक्शन पर K.M. 214/588-206 पर Bridge नंबर 255 साइडिंग के पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन, जिसका स्पैन (2x7.62 मीटर) DN साइड है। | 56,27,973/- | 1,12,600/- | 12 महीने | 06.04.2026 |

**नोट:** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **849/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**प्रेस नोट**

**अनुसुचित जाति वर्ग के किसानों के लिए ट्रैक्टर सब्सिडी योजना की समय-सीमा बढ़ाई**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा ने राज्य योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को 45 HP या उससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर दी जा रही सब्सिडी योजना की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब किसान 17 मार्च 2026 तक पोर्टल पर परमिट डाउनलोड, ट्रैक्टर खरीद और बिल अपलोड, निर्माताओं द्वारा इनवेंटरी ट्रांसफर एंव बिल अप्रूवल सहित सभी ऑनलाइन प्रक्रियाएं पूरी कर सकेंगे। इसके बाद 20 मार्च 2026 को भौतिक सत्यापन तथा 24 मार्च 2026 तक सब्सिडी की स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

कृषि विभाग ने पात्र किसानों एवं निर्माताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर योजना का लाभ उठाएं।

पीआरडीएच-1004/11/201/2026/43840/88/6 दि. 13.03.26

**The Bhiwani Central Co-op. Consumer Store Ltd.**

Railway Road, Bhiwani (Haryana)

**आम सभा बैठक की सूचना**

दी भिवानी केन्द्रीय सहकारी उपभोक्ता भण्डार लि० भिवानी के सभी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि इस भण्डार की आम सभा की बैठक दिनांक 28.03.2026 को प्रातः 11:30 बजे भण्डार के कार्यालय में रखी गई है इसमे निम्नलिखित एजेंडा पर विचार किया जाएगा। अतः आप सभी सभासद सदस्यो से अनुरोध है कि आप सभी उपरोक्त तिथि को समय व स्थान पर पहुंचने की कृपा करे।

**एजेंडा :-**

1. पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि बारे विचार।
2. वर्ष 2024-25 के व्यापार खाता, लाभ-हानि व तुलन पत्र पर विचार।

हस्ता/- महाप्रबंधक
दि भिवानी केंद्रीय सहकारी
उपभोक्ता भंडार लि०, भिवानी।

**Ch. Devi Lal Coop. Sugar Mills Ltd., Gohana.**

**Tender Notice**

Contact Numbers: 9050001542 (SSM)
9813819264(C.E)
: 8199040406 (APO)

Online tenders are invited from Manufacturers/ Traders/ Authorized Distributors/ Experienced (Sugar) Exporters for following items.

1. Purchase of Chain Spares.
2. Job work-Deshelling & Reshelling of Mills' Rollers.
3. Purchase of Iron and Steel.
4. Job work - Dynamic Balancing & Ultrasonic Testing of Various Shaft & Thickness Monitoring of Tubes.
5. Job work-ETP, Spray pond Cleaning.
6. Job work-Cleaning of Various Tubes, Pipes & Pans during off season.
7. Purchase of General hardware Items
8. Job work-Internal and External Cleaning of Boiler.
9. Purchase of M.S. Pipes.
10. Purchase of Trash Plate & C.S. Scrappers.
11. Purchase of Industrial GAS (LPG) Commercial.
12. AMC of power Turbine and Turbo feed pump, Make Bellis.
13. AMC of TST 1030-M-174 Major Overhauling(3 MW Triveni make Turbine)
14. Purchase of Electrical spare Siemens & L&T Make. (Rate Cont.)
15. Purchase of M.S. & H.T. NUT-BOLT, (Rate Cont.)
16. Rate Contract of Packing & Jointing.
17. Rate Contract of valves & Cock.
18. Sale of 30000 Qtl Molasses (Production year 2025-26) stored in steel Tanks.
19. Job Work-Cleaning & Painting of Boiling House.
20. Purchase of S.S. Tube
21. Purchase of welding electrode.
22. Purchase of Ball Bearing.
23. AMC of VFD.
24. AMC of Mill House DC Drive.
25. Purchase of Cane Cutting Knife & Hammer Pad.
26. AMC of alternator AVR.
27. Servicing and overhauling of ACB.
28. AMC of Boiler Automation System.
29. AMC of Co-generation System.

The online tenders can be submitted on Haryana E-procurement website https://etenders.hry.nic.in/. On line (E-Tendering) tenders completed in all respects should be filed / submitted **latest by 20/03/2026 up to 05:00 PM** on this site. All bidder firms should file / submit both their technical as well as financial bids through online mode on this website. **Tenders will be opened on 09:30 AM of 21/03/2026.** Undersigned reserves the right to cancel / reject any / all tenders without assigning any reason thereof. **The negotiations will be held on 24/03/2026 at 12-30 PM in BOA meeting.**

SD/-
Managing Director

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | पुराना नागरिक हस्पताल, जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (बकाया ईआई आंतरिक कार्य केवल)। | 11.03.2026 17.03.2026 | 18.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में फतेहाबाद में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स से लघु सचिवालय तक एक नये आंतरिक रोड का निर्माण (फेज–II)। | 11.03.2026 18.03.2026 | 8.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में भुना में उपतहसील भवन की विशेष मरम्मत। | 11.03.2026 19.03.2026 | 14.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | 25 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के साथ-साथ इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशनों (आईपीएस) और राइजिंग मेन्स के डिजाइन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन समेत तीन माह के ट्रायल रन के पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण छह वर्ष की त्रुटि जिम्मवेरी-सह-प्रचालन और रखरखाव अवधि और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.04.2026 | 8577.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | मण्डी डबवाली कस्बा :- मण्डी डबवाली कस्बे में द्वितीय जलघर पर 400 केवीए डीजी सैट और ट्रांसफॉर्मर 500 केवीए के प्रावधान व फिक्सिंग, द्वितीय जलघर पर 3 अदद एस/एस टैंक और 4 अदद पुराने जलघरों की मरम्मत और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। सीएच.टू. :- मण्डी डबवाली :- मण्डी डबवाली जिला सिरसा में जलघर के अद्यतन, पुनरोद्धार हेतु तकनीकी प्रस्ताव, 2 अदद बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण और जलापूर्ति वितरण प्रणाली का प्रावधान व बिछाना, हेतु डीएनआईटी। | 12.03.2026 02.04.2026 | 295.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज राजौंद | गांव माजरा नंद करण ब्लॉक राजौंद, जिला कैथल में सिदादा पट्टी में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण। | 12.03.2026 19.03.2026 | 11.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | गांव बापोड़ा में ब्राह्मण चौपाल में निर्माण कार्य, एचजीवीवाई + 8 कार्य। | 10.03.2026 16.03.2026 | 199.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भटगांव डूंगरान में लोनिवि रोड से सतबीर सिंह पुत्र सूरत सिंह के मकान तक रास्ता का निर्माण, एमपी एलएडी। | 12.03.2026 19.03.2026 | 7.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | जोगी माजरा – गांव जोगी माजरा, ब्लॉक लाडवा जिला कुरुक्षेत्र में श्री संतोष कुमार पुत्र श्री पूरण सिंह के नलकूप से श्री राजेश कुमार पुत्र श्री रणजीत सिंह सैनी के खेत तक आईएलपीबी पाथवे (रास्ता) का निर्माण + 5 कार्य। | 11.03.2026 24.03.2026 | 166.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | बाढ़ 2025 के पश्चात यमुना नदी पर जैनपुर गांव के निकट 600 फीट रिवेटमेंट सहित 3 अदद नये स्टोन स्टड्स का निर्माण करके टिकोला कॉम्पलैक्स पर संरक्षण कार्यों के प्रावधान हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 24.03.2026 | 121.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | आरडी 716, 2300, 6460, 7250, 27700 और 28960 पर सराय औरंगाबाद कस्सार लिंक ड्रेन पर पाइप कल्वर्ट को आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट में बदलना। | बंद होने की तिथि 23.03.2026 | 195.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | गांव जलमाना के निकट आरडी 113200/एल पर नारदाक डिस्टी. पर स्थाई पम्प हाउस पर सभी सम्बद्ध एक्सेसरीज के साथ-साथ 05सीएस प्रत्येक की डिस्चार्ज क्षमता वाले 2 अदद वी.टी. पम्प्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 3 अन्य कार्य। | 12.03.2026 18.03.2026 | ईएमडी 96,284 | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/240/43832/I/88/6 दि. 13.03.26

## खबर संक्षेप

### दुकान पर पिस्तौल से अचानक चली गोली, किशोर की जांघ में लगी

**रेवाड़ी।** पातुहेड़ा गांव में अचानक गोली चलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गोली 14 वर्षीय किशोर की जांघ से पार निकल गई। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। गांव निवासी आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला किशोर रामनारायण की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए गया था। जब वह दुकान से कोल्ड ड्रिंक खरीद रहा था तो पास में खड़े गांव के युवक सतीश के पिस्तौल से अचानक गोली चल गई। गोली किशोर की जांघ में लगकर पार निकल गई। वह गोली लगते ही जमीन पर गिर गया। पता चलने के बाद परिजनों ने उसे शहर के अस्पताल पहुंचाया। गोली चलने के बाद सतीश मौके से फरार हो गया। कसोला पुलिस ने किशोर के पिता की शिकायत के आधार पर आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की दी।

### एसवाईएल नहर में फिर दिखा बड़ा मगरमच्छ



**कुरुक्षेत्र।** शुक्रवार सुबह दबखेड़ी पुल के नजदीक एसवाईएल नहर किनारे मगरमच्छ दिखाई देने से हड़कंप की स्थिति बनी रही। जैसे ही खबर फैली लोग नहर से दूर हो गए। सूचना मिली तो विभाग ने भी अलर्ट जारी कर दिया गया। चेतावनी दी गई कि नहर के किनारे न जाएं। एसवाईएल नहर में मगरमच्छों की मौजूदगी से इलाके में डर का माहौल है। मगरमच्छ दिखने पर जिन लोगों ने नहर के आसपास अपने पशुओं को बांध हुआ था, वे तुरंत अपने पशुओं को लेकर घर आ गए। लोगों ने इसकी सूचना वाइल्ड लाइफ टीम और गोताखोर प्रगट सिंह तक पहुंचाई। हालांकि कुछ दिन पहले भी इस मगरमच्छ को नहर के अंदर देखा गया था।

## समालखा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय बैठक का शुभारंभ

# केरल में मुस्लिम व ईसाइयों के 1.09 लाख घरों तक पहुंचा संघ, देश में 5820 नई शाखाएं खोलीं

- सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत व सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शुभारंभ किया
- देश के कुछ प्रांतों में ही 10 करोड़ घरों तथा 3 लाख 90 हजार गांवों तक संपर्क किया जा चुका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पट्टीकल्याणा**





पानीपत। मंचासीन सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत व सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले और उपस्थित पदाधिकारी।

पानीपत के गांव पट्टीकल्याणा स्थित माधव सृष्टि परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक का सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत व सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। वहीं, संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर की उपस्थित में बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस प्रतिनिधि सभा की बैठक में देशभर से करीब डेढ़ हजार प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बैठक की शुरुआत में दिवंगत हुए शिवकथाकार सतगुरुदास महाराज, पर्यावरणविद डॉ. माधव गाडगिल, पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री एवं लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल, पर्यावरण के लिए समर्पित सालुमरदा थिमक्का, पुरातत्वविद के. एन. दीक्षित, महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजीत पंवार, अभिनेता धर्मेंद्र देओल, तमिल फिल्म निर्माता एवीएमसरवनन, मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल, शिक्षाविद् विनय हेगड़े, कम्युनिस्ट नेता आर नल्लकणु, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक प्रफुल्ल गोविंद बरुआ आदि को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सीआर मुकुंद के अनुसार शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में एक संगठन विस्तार और दूसरा समाज की सज्जन शक्ति को सद्भाव, समरसता के लिए संगठित करने का उद्देश्य रखा गया। इस दृष्टि से गृह संपर्क अभियान चल रहा है जिसमें देश के कुछ प्रांतों में ही 10 करोड़ घरों तथा 3 लाख 90 हजार गांवों तक संपर्क किया जा चुका है।

मुकुंद ने बताया कि सिर्फ केरल का ही उदाहरण लें तो वहां 55 हजार से ज्यादा मुस्लिम घरों में तथा 54 हजार से ज्यादा ईसाई यानी करीब एक लाख परिवारों में सम्पर्क किया गया और इन सभी परिवारों ने स्वयंसेवकों का स्वागत किया। प्रतिवेदन में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष 51,740 स्थानों पर 83,129 शाखाएं संचालित थी जो अब 55,683 स्थानों पर 88,949 शाखाओं का आंकड़ा हो गया है। इस प्रकार एक वर्ष में 3943 नए स्थान जुड़े हैं और शाखाओं की संख्या में 5820 की वृद्धि हुई है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी मौजूद रहे।

### 37048 हिंदू सम्मेलनों का आयोजन

प्रतिवेदन के अनुसार देश में अब तक 37,048 हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें लगभग साढ़े तीन करोड़ लोगों नें सहभाग किया है। यह सम्मेलन शहरी, ग्रामीण, जनजातीय और दुर्गम क्षेत्रों में भी आयोजित हुए हैं। इनमें प्रमुखता से समाज में सामाजिक समरसता, पर्यावरण चेतना, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का बोध तथा नागरिक कर्तव्यों की पालना के लिए पंच परिवर्तन के लिए आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन राव भागवत भी पंच परिवर्तन विषय पर समाज के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के लिए चारों महानगरों सहित राज्यों की राजधानियों में कार्यक्रमों में सहभाग कर रहे हैं। प्रतिवेदन के आंकड़े के अनुसार भागवत ने केवल चार महानगरों में आयोजित कार्यक्रमों में नागरिकों के साथ संवाद करते हुए एक हजार से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिए तथा इस प्रश्नोत्तर में 20 घंटे से अधिक का समय लगा।

## अंबाला में रेड के दौरान अज्ञात ने फैक्ट्री फूंकी

# छापा मारने पहुंची आयकर विभाग की टीम पर पथराव



अंबाला। रेड के दौरान फैक्ट्री में आगजनी का दृश्य व बाहर जमा भीड़।

- कार के शीशे टूटे, चालक को बाहर खींचकर पीटा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

फैक्ट्री में रेड करने पहुंची इनकम टैक्स विभाग की टीम पर कर्मचारियों ने हमला कर दिया। कर्मचारियों ने पहले टीम की गाड़ियों पर पत्थर मारे फिर ड्राइवर के साथ मारपीट भी की। असल में शुक्रवार दोपहर को इनकम टैक्स विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची थी। तभी फैक्ट्री में आग लगा दी गई। आग किसने लगाई यह नहीं पता चला। अधिकारी फायर ब्रिगेड का इंतजार करने लगे तो तभी अचानक से फैक्ट्री कर्मचारियों ने उन्हें घेरकर हमला कर दिया। अब मामले में पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इनकम टैक्स विभाग की टीम अधिकारी कविता बत्तरा के नेतृत्व में दोपहर करीब डेढ़ बजे साहा स्थित न्यूट्रीवेल लैबोरेटरीज एब्सोल्यूट न्यूट्रिशन प्राइवेट लिमिटेड में छापेमारी करने पहुंची थी। दोपहर करीब 1:40 बजे फैक्ट्री के डायरेक्टर राहुल डावर भी मौके पर मौजूद थे। जांच टीम के फैक्ट्री में आने के बाद अचानक आग लगा दी गई। सुरक्षा के मद्देनजर इनकम टैक्स विभाग की टीम फैक्ट्री से बाहर निकलकर सड़क के दूसरी ओर खड़ी हो गई। फायर ब्रिगेड का इंतजार करने लगी। इस दौरान करीब 45 मिनट बाद फैक्ट्री के कुछ कर्मचारियों ने जिनका नेतृत्व वर्क हाउस मैनेजर पारस कर रहा था ने अचानक टीम को घेर लिया। आरोपियों ने टीम को कार से बाहर खींचने की कोशिश की और पथराव कर दिया। अधिकारियों की अर्टिगा कार पर भारी पथराव किया गया, जिससे उसके शीशे टूट गए। घटना में ड्राइवर जगदीप घायल हो गया।

### जान बचाकर भागी टीम पीछे सामान छूटा

हमले के दौरान हालात इतने बिगड़ गए कि इनकम टैक्स विभाग की टीम को अपनी जान बचाकर वहां से निकलना पड़ा। इस दौरान आयकर अधिकारी अमरजीत की कुछ किताबें, आधिकारिक मुहर और मोबाइल चार्जर फैक्ट्री परिसर में ही छूट गए। मौके पर मौजूद एएसआई तेजपाल ने किसी तरह टीम को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में ज्वाइंट कमिश्नर शक्ति सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### बोर्ड परीक्षा में नकल के 13 केस दर्ज, एक पर्यवेक्षक रिलीव

*भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि आज संचालित हुई सीनियर सेकेंडरी की समाजशास्त्र व उद्यमिता एवं डी.एल.एड. की परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग के कुछ केन्द्रों पर 13 मामले दर्ज किए गए तथा परीक्षा ड्यूटी में कोताही बरतने पर एक पर्यवेक्षक को कार्यभार मुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष विशेष आरएएफ उड़नदस्ता द्वारा जिला भिवानी, चरखी दादरी व रोहतक के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर छापेमारी की तथा अनुचित साधन प्रयोग के 9 केस पकड़े। परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि.,मिसरी-1(चरखी दादरी) पर नियुक्त पर्यवेक्षक अपर्णा, जेबीटी, रा.प्रा.वि., बास रानीला को उनके कक्ष में 7 नकल के मामले दर्ज होने पर परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को संचालित होने वाली सेकेंडरी सामाजिक विज्ञान तथा डी.एल.एड. (रि-अपीयर) की परीक्षा में 2,89,264 परीक्षार्थी/छात्र-अध्यापक प्रविष्ट होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में परीक्षाएं शांतिपूर्वक चल रही हैं।*

### जमीन अधिग्रहण की राशि न देने पर एसई कार्यालय किया सील




**सिरसा।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजन वालिया की कोर्ट ने किसानों को भूमि अधिग्रहण की राशि जारी न करने पर सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता के कार्यालय को सील करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय के आदेश के बाद शुक्रवार बाद दोपहर कार्यालय को सील कर नोटिस चस्पा कर दिया गया। किसान राजाराम व भगवाना बनाम स्टेट के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में घग्घर से निकली नहर के लिए जमीन अधिग्रहण व मुआवजा से संबंधित केस विचाराधीन था। न्यायालय ने इस मामले में मुआवजा राशि देरी के मामले में अधीक्षक अभियंता घग्घर डिविजन से संबंधित अचल संपत्ति को जब्त करने के आदेश दिए। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि एक लाख 28831 रुपये की राशि नौ प्रतिशत ब्याज सहित किसान भगवाना राम तथा 6 लाख 63 हजार 61 रुपये की राशि राजाराम को दी जाए। आदेश के मुताबिक जब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक कार्यालय सील रखा जाए। घग्घर डिविजन के कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार के मुताबिक अधीक्षक अभियंता का पद दो माह से रिक्त होने के चलते अदायगी नहीं हो पाई। सोमवार तक दोनों मामलों में राशि अदायगी कर दी जाएगी। शपथ पत्र के बाद शनिवार को सील हटा दी जाएगी।

### रात को बंद फैक्ट्री में आग लगने से कर्मचारी जिंदा जला

*गुरुग्राम। बसई इलाके में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से एक मजदूर की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान मध्यप्रदेश के चेतराम के रूप में हुई है। फैक्ट्री में अचानक लगी आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। केमिकल की मौजूदगी के आग तेजी से फैली। सुबह 10 बजे जब सफाई करने के लिए कर्मचारी आए तो उन्हें अंदर जली हुई हालत में हेतराम का शव दिखाई दिया। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के मुताबिक रात के वक्त आग लगी थी, तो आसपास के लोगों ने आग बुझा दी थी, इसलिए फायर ब्रिगेड को भी इसकी सूचना नहीं दी गई। अंदर किसी के फंसे होने की आशंका नहीं थी, क्योंकि हेतराम सफाई का काम करता था। वह शराब पीने का भी आदी था। संभवत रात के समय जब आग लगी तो वह नशे में होगा और बाहर नहीं निकल पाया होगा। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या केमिकल रिसाव को आग लगने का पहला कारण माना जा रहा है।*











अग्निवीर (एस एस आर/एम आर) और एस एस आर (मेडिकल) के रूप में जुड़िये

भारतीय नौसेना अग्निवीर(एस एस आर/एम आर) और एस एस आर (मेडिकल) के लिए ई-आवेदन पत्र आमंत्रित करती है

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि : 14 मार्च से 06 अप्रैल 2026

| प्रवेश (Post) | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|
| अग्निवीर एस एस आर (सीनियर सेकेंडरी रिक्रूट) | भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से गणित और भौतिकी के साथ 10+2 में न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। **अथवा** केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थान से इंजीनियरिंग (मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ ऑटोमोबाइल/ कंप्यूटर साइंस/ इंस्टुमेंटेशन टेक्नोलॉजी/ सूचना प्रौद्योगिकी) में कुल 50% अंकों के साथ तीन साल का डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण होना चाहिए। **अथवा** केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से गैर-व्यावसायिक विषय अर्थात भौतिकी और गणित के साथ कुल 50% अंकों के साथ दो साल का व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया होना चाहिए। |
| अग्निवीर एम आर (मैट्रिक रिक्रूट) | उम्मीदवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 50% अंकों के साथ मैट्रिक (10वी) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एस एस आर (मेडिकल) | भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से बायोलॉजी, भौतिकी और रसायन विज्ञान के साथ 10+2 में न्यूनतम 50% कुल अंकों के साथ (40% न्यूनतम प्रति विषय) उत्तीर्ण होना चाहिए। |

ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया स्कैन करे

www.joinindiannavy.gov.in | www.ssc.gov.in

रोजगार समाचार पत्र 21 मार्च 2026

विकसित समृद्ध भारत के लिए समुद्रों की सुरक्षा

CBC 10701/13/0024/2526

*प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी से 'डिजिटल' असम में जनसभा को संबोधित किया, पूर्वोत्तर में बमों और गोलीबारी की आवाज अब बीते दिनों की बात*

# कांग्रेस ने 'स्वार्थी हितों' को ऊपर रखा

## असम को 4750 करोड़ की योजनाएं, 3 नई ट्रेनों की दी सौगातें

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर में बमों और गोलीबारी की आवाज अब बीते दिनों की बात हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित की, जबकि कांग्रेस ने 'स्वार्थ केंद्रित राजनीतिक हितों' के लिए विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

बारिश के कारण यात्रा कार्यक्रम में बाधा आने के बाद गुवाहाटी से 'डिजिटल' असम के कोकराझार में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य 'डबल इंजन' सरकार के तहत शांति एवं विकास का एक नया अध्याय लिख रहा है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने स्वदेशी लोगों की जमीन घुसपैठियों को सौंपकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का काम किया। आगामी चुनावों में कांग्रेस को दंडित करें और यह स्पष्ट संदेश दें कि देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है।



मोदी ने पीएम-किसान योजना की 22वीं किस्त देश के 9.3 करोड़ से अधिक किसानों को जारी की

### अब बोडोलैंड में बंदूकों नहीं, ढोल-बांसुरी की आवाज गूंजती है...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी गुवाहाटी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम के कोकराझार में 4,570 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि बोडोलैंड की पहाड़ियां दशकों तक बंदूकों और बम धमाकों की आवाजों से गूंजती रहीं, लेकिन "अब वे दिन बीत चुके हैं, और यह शांति एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है"। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में लोगों ने बहुत कष्ट झेला है और बहुत कुछ खोया है... हमने वे कठिन दिन देखे हैं, लेकिन अब 'खाम' (ढोल) की थाप और 'सिफोंग' (बांसुरी) की मधुर आवाज सुनाई देती है।" मोदी ने कहा कि जब जनता ने राज्य और केंद्र दोनों से कांग्रेस को सत्ता से हटाया, तभी हम ईमानदारी और निष्ठा से इस क्षेत्र का विकास शुरू कर पाए।" राहुल गांधी के नारे 'मोहब्बत की दुकान' का स्पष्ट जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "कांग्रेस 'झूठे वादों की दुकान' है, और एक झूठ के साथ यह चार और 'बड़े झूठ' उपहार में देती है, क्योंकि उनका कोई भी वादा पूरा करने का इरादा नहीं है।"

### चाय बागान श्रमिकों को भूमि पट्टे सौंपे

मोदी असम के दो दिवसीय दौरे के तहत गुवाहाटी पहुंचे। यह पिछले चार महीनों में राज्य का उनका चौथा दौरा है। चाय बागान समुदाय को वास भूमि अधिकार प्रदान करने के लिए, मोदी ने 20 जिलों में फैले 106 चाय बागानों के श्रमिकों को भूमि पट्टे वितरित करने के प्रथम चरण की शुरुआत की। मोदी ने पीएम-किसान योजना की 22वीं किस्त देश भर के 9.3 करोड़ से अधिक किसानों को जारी की।

### आज मोदी कोलकाता में रैली को संबोधित करेंगे

- 18,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे
- पीएम का मतदाता सूची प्रकाशन के बाद राज्य का पहला दौरा

**कोलकाता (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रैली को संबोधित करने के साथ ही लगभग 18,680 करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। एसआईआर के बाद 28 फरवरी को मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत राज्य का उनका यह पहला दौरा होगा। भाजपा द्वारा आयोजित यह रैली विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा अभियान के समापन का प्रतीक होगी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मिली जबरदस्त बढ़त और 2021 के विधानसभा चुनाव में जीत से दूर रहने के बाद, भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हाल के वर्षों में उसका सबसे व्यापक राज्यव्यापी अभियान माना जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत संशोधित मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद, एक मार्च को शुरू हुई इस यात्रा ने राज्य भर में लगभग 10,000 किलोमीटर की दूरी तय की है। पार्टी के नेता इसे जन संपर्क अभ्यास और संगठनात्मक तनाव परीक्षण दोनों के रूप में वर्णित करते हैं, जिसका उद्देश्य बूथ स्तर के जमीनी कार्य को दृश्यमान सड़क लामबंदी में बदलना है।

# संसद में एलपीजी के मुद्दे पर नहीं थमा संग्राम निर्मला बोलीं, मुश्किल समय में साथ खड़े हों

- सदन की कार्यवाही कई बार रोकी,16 मार्च तक के लिए स्थगित
- राहुल समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबितों की वापसी की मांग रखी
- स्पीकर बिरला बोले सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो एक्शन होगा ही
- विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया, भाजपा पर साधा निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के 5वें दिन शुक्रवार को भी सदन में एलपीजी मुद्दे को लेकर विपक्ष का संग्राम थम नहीं रहा है। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। लोकसभा में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विदेशों में हो रहे घटनाक्रम के कारण हमारे देश में कुछ मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। सरकार जरूरी फंड मुहैया कराने और पूरी तरह तैयार रहने के लिए कदम उठा रही है। ऐसे समय में विपक्ष को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए, लेकिन वह गैर-जिम्मेदाराना हरकत कर रहा है।





### किरेन रिजिजू बोले- विपक्ष का नेता नहीं सुधर रहा, न उसके सांसद सुधर रहे



विपक्ष के हंगामे के बीच संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष का नेता ही नहीं सुधर रहा है, तो उनके सांसद कैसे सुधरेंगे। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में विपक्ष और सरकार के लोग आए थे। प्राइवेट मेंबर बिल सरकार का नहीं है। मेंबर का है ये। विपक्ष के लोग प्राइवेट मेंबर का समय खा रहे हैं। इनका नेता नहीं सुधर रहा है तो इनका मप्र भी नहीं सुधर रहा है। विपक्ष का नेता गिलास-थाली लेकर प्रदर्शन कर रहा है। इनकी हरकतों से जनता नाराज है। इनके कारनामे को जनता कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस में अब कोई नहीं बचा है। कांग्रेस के सारे लगो बिगड़ गए हैं। इनका आचरण बिगड़ गया है।

### देशभर के अलग-अलग राज्यों का हाल

- **झारखंड**: विधानसभा के सामने एलपीजी संकट को लेकर विधायकों का प्रदर्शन
- **गुजरात**: राज्य में नहीं है एलपीजी की कमी, चार लाख सिलेंडर हैं स्टॉक में: सरकार
- **पश्चिम बंगाल :** गैस किल्लत की आशंका के बीच एलपीजी केंद्रों के बाहर लंबी कतारें
- **केरल :** एलपीजी की किल्लत के बीच तिरुवनंतपुरम के रेस्तरां से गैस सिलेंडर चोरी
- **दिल्ली :** एलपीजी की उपलब्धता की समस्या से रेहडी पटरी लगाने वाले प्रभावित
- **बिहार :** एलपीजी सिलेंडर के लिए लंबी कतारें, पटना में नियंत्रण कक्ष स्थापित
- **राजस्थान:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एलपीजी संकट के खिलाफ प्रदर्शन किया
- **यूपी:** ईंधन कालाबाजारी पर कार्रवाई, 1,483 जगह छापेमारी और कई एफआईआर

### एलपीजी किल्लत को लेकर मची अफरा-तफरी के लिए विपक्ष जिम्मेदार: भाजपा

**नई दिल्ली (भाषा)।** रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की किल्लत के दावों का खंडन करते हुए भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस उपभोक्ताओं के लिए ₹असुविधा₹ पैदा करने की कोशिश कर रही हैं, और कहा कि ऐसी खबरें केवल इन पार्टियों के शासन वाले राज्यों से ही सामने आ रही हैं। भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि रसोई गैस की कमी की खबरें सबसे पहले कर्नाटक से, उसके बाद पश्चिम बंगाल से आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में (सपा के नेता एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी करते पाए गए। मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "संयोगवश, कर्नाटक पहला राज्य था जहां से एलपीजी की कमी की खबरें सामने आने लगीं। इसके ठीक बाद, पश्चिम बंगाल से भी ऐसी ही खबरें आईं। अब मीडिया की खबरों से पता चलता है कि उत्तर प्रदेश में सपा के नेता गैस सिलेंडर जमाखोरी कर रहे हैं। ऐसे समय में जब देश एकजुट है, विपक्षी नेता जिम्मेदारी दिखाने के बजाय आम नागरिकों के लिए असुविधा पैदा करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करते नजर आ रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने भी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और सपा की आलोचना करते हुए उन पर भारत के हितों के खिलाफ काम करने₹ का आरोप लगाया।

**कार्यालय कार्यकारी अभियंता, परिचालन मंडल, द.ह.बि.वि.नि. (DHBVN), चरखी दादरी**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 33 KV, DHBVN, मकराना पावर हाउस परिसर में स्थित पेड़ों की कटान हेतु नीलामी खुली बोली द्वारा दिनांक 17.03.2026 को सुबह 11:00 बजे मकराना पावर हाउस के प्रांगण में की जानी निश्चित की गई है।

इच्छुक बोलीदाता निर्धारित समय और स्थान पर पहुँचकर बोली में भाग ले सकते हैं।

हस्ताक्षर, कार्यालय कार्यकारी अभियंता,
(D.H.B.V.N), चरखी दादरी

**The Sampla Co-operative Marketing Society Ltd. SAMPLA, Distt., Rohtak (Haryana)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30-03-2026 को दि सापला सहकारी विपणन समिति लि० सांपला की आम सभा की बैठक समिति कार्यालय सांपला में प्रातः 11:30 बजे होनी सुनिश्चित की गई है जिसमें सभी सादर आमंत्रित हैं।

विषयः समिति की वार्षिक ऑडिट बैलन्स शीट 2024-25 के बारे विचार एव त्रुटियों के बारे विचार एव निर्णय ।

प्रार्थी
निदेशक दि सापला
सहकारी विपणन समिति
लि० सापला

**दि सापंला सहकारी विपणन समिति लि0 सापंला अनाज मण्डी सापंला (रोहतक)**

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि समिति की रबी 2026-27 सरसों खरीद के लिए जिला रोहतक में सापंला मण्डी में सरसों खरीद से लेकर उठान होने तक समस्त कार्यों हेतु सहायक श्रमिक प्रदाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी श्रमिक प्रदाताओं को वरीयता दी जाएगी। दिनांक 18 मार्च 2026 के दिन 11:00 बजे तक अपना आवेदन सापंला मंडी प्लॉट नंबर 66 पर जमा कराएं टेंडर फॉर्म सब कमेटी के सामने 12:00 बजे खोला जाएगा तथा सब कमेटी को टेंडर फॉर्म में कमी पाई गई व शर्त पूर्ण न होने की सूरत में रद्द करने का अधिकार होगा बाकी शर्त समिति कार्यालय से कार्य दिवस के दिन प्राप्त करें।

संपर्क सूत्र : 9315809600

प्रबधंक,
दि सापंला सहकारी विपणन
समिति लि० सापला

**भारत सरकार / Government of India**
**केंद्रीय अनुसंधान संस्थान/CENTRAL. RESEARCH INSTITUTE.**
डा.घ. कसौली जिला सोलन, (हि.प्र.) / P.O.-Kasauli, Distt. Solan, (H.P.) 173204
संपर्क/Contact No.: (01792) 273189 और 273105
वेबसाइट: www.crikasauli.nic.in ई-मेल: director-crik-hpo@gov.inerik-hpo@gov.in
संख्या संख्या: 1-12/2025-प्रशा.

**विज्ञापन सूचना**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली में प्रतिनियुक्ति (आई.एस.टी.सी.) आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों का वितरण निम्नप्रकार से है।

1. उप सहायक निदेशक (जैव रसायन) (गैर-चिकित्सा) का एक पद, सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित (गैर-अनुसचिवीय), वेतन स्तर-10 (56100-177500 रुपये)
2. पशु चिकित्सा अधिकारी, समूह 'क' राजपत्रित (गैर-अनुसचिवीय) का एक पद, वेतन स्तर-10 (56100-177500 रुपये)
3. सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी का एक पद, समूह 'ख' राजपत्रित (गैर-अनुसचिवीय) वेतन स्तर-7 (44900-142400), सामान्य केंद्रीय सेवा
4. सहायक अभियंता (इस्ट्रुमेंटेशन) का एक पद. सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'ख' राजपत्रित (गैर-अनुसचिवीय) वेतन स्तर-7 (44900-142400 रुपये)
5. सहायक अभियंता (यांत्रिकी) सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ख' राजपत्रित (गैर-अनुसचिवीय) वेतन स्तर-7 (44900-142400 रुपये)

उपर्युक्त क्रमांक 1,4 और 5 के पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध राहित) दवारा भरा जाना है, क्रमांक 2 के 50% पद मिश्रित विधि द्वारा भरे जाने हैं। अर्थात प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) और पदोन्नति द्वारा तथा 50% पद प्रतिनियुक्ति और अल्पकालिक अनुबंध सहित द्वारा भरे जाने हैं एवं क्रमांक 3 का पद मिश्रित विधि के अनुसार, केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेशों या स्वायत संगठन या विश्वविद्यालयों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या अर्ध-सरकारी या वैधानिक संगठनों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों के अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) अथवा पदोन्नति के आधार पर भरा जाना है।

उपर्युक्त पदों के विस्तृत विज्ञापन और आवेदन पत्र के लिए इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.crikasauli.nic.in पर जा सकते हैं। वेबसाइट के कार्य न करने की स्थिति में, इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत विज्ञापन सूचना और आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए इस कार्यालय को ई-मेल भेज सकते हैं।

विधिवत भरे हुए आवेदन उचित माध्यम से, रोजगार समाचार में इस सूचना के प्रकाशन के 20 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के पास पहुंच जाने चाहिए।

(डॉ. डिम्पल कसाना)
निदेशक
Cbc-17132/11/0015/2526

केंद्र की ओर से एएसजी भाटी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

# ट्रांसजेंडर, समलैंगिकों और सेक्स वर्कर्स के रक्तदान करने पर रोक बरकरार रहेगी

**लोगों के हितों का ध्यान रखना जरूरी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ट्रांसजेंडर, समलैंगिक पुरुषों और सेक्स वर्कर्स के रक्तदान पर जारी प्रतिबंध को बरकरार रखा है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि एक्सपर्ट्स का कहना है कि लोगों के हित को देखते हुए ऐसा करना जरूरी था। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची, जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही थी।



एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी

### शीर्ष अदालत में दी गई थी दिशा-निर्देशों को चुनौती

इस मामले में नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की ओर से 'रक्तदाता चयन और रक्तदाता रेफरल संबंधी दिशा-निर्देश, 2017' को चुनौती दी गई थी। दिशा-निर्देशों में कहा गया था कि ट्रांसजेंडर, समलैंगिक पुरुषों और फीमेल सेक्स वर्कर्स को एचआईवी/एड्स वाले वर्ग में रखा गया है और यह काफी जोखिम भरा वर्ग है। बीते साल कोर्ट की ओर से इस मामले में प्रतिबंध को लेकर केंद्र से विचार करने को कहा गया था। भाटी ने बताया, विशेषज्ञों का मानना है कि अगर प्रतिबंध को लेकर नरम रुख अपनाया जाता है तो जिन्हें यह खून चढ़ेगा, उन्हें नुकसान होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर दखल देने में रुचि नहीं दिखाई।



सुप्रीम कोर्ट ने इस पर दखल देने में रुचि नहीं दिखाई

शाह की अध्यक्षता में मंजूरी

### आपदा पीड़ित 6 राज्यों को 1,912 करोड़ की अतिरिक्त राशि मिलेगी मिलेगी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2025 के दौरान आई बाढ़, फ्लैश फ्लड, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से प्रभावित छह राज्यों के लिए 1,912.99 करोड़ रकी अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। यह सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से देंगे। सरकार आपदाओं के समय राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर संभव मदद प्रदान कर रही है। इस राशि में आंध्र प्रदेश को 341.48 करोड़ , छत्तीसगढ़ को 15.70 करोड़, गुजरात को 778.67 करोड़, हिमाचल प्रदेश को 288.39 करोड़, नगालैंड को 158.41 करोड़ और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को 330.34 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।



चुनाव से पहले ममता का बड़ा ऐलान

### एससी-एसटी और ओबीसी के लिए सांस्कृतिक व विकास बोर्ड बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम ममता ेनर्जी ने एक नया राजनीतिक और सामाजिक मास्टर स्ट्रोक खेला है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार मुंडा, कोरा, डोम, कुंभकार और सदगोप समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी। सीएम ममता के अनुसार यह कदम न केवल इन कमजोर और पिछड़े समुदायों के अधिकारों और परंपराओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में तरक्की को भी बढ़ावा देगा। सीएम बनर्जी ने इसे राज्य में समान और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है, जो चुनावी मोर्चे पर भी उनकी पकड़ मजबूत कर सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया।

» कुछ समुदायों को लुभाने की कोशिश

**ये समुदाय राज्य की सजीव-रंगनी संस्कृति का हिस्सा : ममता**

अपने पोस्ट में सीएम ममता बेनर्जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ये पांचों समुदाय राज्य की सजीव और रंगीन संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। बोर्डों के जरिए इनके भाषा, परंपरा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अधिकारों की रक्षा की जाएगी। सीएम बनर्जी ने यह भी बताया कि 2013 से उनकी सरकार ने कई ऐसे बोर्ड स्थापित किए हैं, जिससे कमजोर समुदायों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित किया गया है।



झारखंड में एसआईआर की हाई लेवल मीटिंग में सीईओ का निर्देश

# अब कोई फर्जी वोटर नहीं बचेगा! त्रुटि की गुंजाइश न हो

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा

एजेंसी ▶▶ रांची

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। आयोग ने एसआईआर से संबंधित सभी बिंदुओं को अधिनियमों में स्पष्ट रूप से निर्धारित किया है, इसलिए पदाधिकारी सुनिश्चित करें कि हर कार्य और निर्णय आयोग के निर्देशों व स्थापित नियमों के अनुसार ही हो।



### डिजिटल रूप में तैयार किया जाए

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के समय एबसेंट, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची अलग से प्रकाशित की जाएगी। इस सूची को डिजिटल रूप में तैयार कर समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इसे संबंधित मतदान केंद्र के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट से सत्यापित कराना भी अनिवार्य होगा।

**गहन पुनरीक्षण का कार्य अधिनियमों के अनुसार ही हो**

उन्होंने सभी जिलों को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर दलों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारियों और समन्वय की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर लें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि एक भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

### घर-घर जाकर सर्वे करें, कोई छूटे नहीं

बीएलओ को निर्देश दिया गया कि घर-घर सर्वे के दौरान घर के मुखिया और उसमें रहने वाले सभी सदस्यों की सूची भी तैयार करें। जिन मकानों का नंबर नहीं है, उन्हें नंबर देकर चिह्नित करें। एक ही मकान में रहने वाले मतदाताओं का मतदान केंद्र एक ही स्थान पर हो। उन्होंने बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के प्रशिक्षण को भी समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

**INDIAN AIR FORCE**
**AIR FORCE SPORTS CONTROL BOARD**
**RECRUITMENT OF OUTSTANDING SPORTSMEN**

APPLICATIONS ARE INVITED FROM OUTSTANDING UNMARRIED MALE SPORTSMEN TO JOIN INDIAN AIR FORCE AS AGNIVEERVAYU (SPORTS) INTAKE 02/2026
DETAILED ADVERTISEMENT AVAILABLE ON HTTPS://AGNIPATHVAYU.CDAC.IN
ONLINE APPLICATIONS ARE TO BE SUBMITTED FROM 1000 Hr ON 23 MARCH 2026 TO 1700 Hr ON 29 MARCH 2026 AT HTTPS://AGNIPATHVAYU.CDAC.IN/CASBSPM
TENTATIVE DATES FOR SELECTION TRIALS AT NEW DELHI FROM 08 APRIL TO 10 APRIL 2026
**CBC- 10803/11/0032/2526**

## चिंतन

# सदन की मर्यादा बनाए रखना सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी

संसद वह मंच है जहां देश के करोड़ों लोगों की आवाज उनके चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से उठाई जाती है। संसद केवल बहस और विरोध का स्थान नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मर्यादा, नियमों और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि सदन में उपस्थित प्रत्येक सांसद अपने आचरण से संसद की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखे। हाल ही में लोकसभा में गैस और ऊर्जा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया, उसने एक बार फिर इस सवाल को जन्म दिया है कि क्या हमारे जनप्रतिनिधि सदन की मर्यादा और संसदीय नियमों का पर्याप्त सम्मान कर रहे हैं। लोकसभा में हाल ही में कांग्रेस की ओर से तेल और गैस की स्थिति पर चर्चा के लिए नोटिस दिया गया था। यह एक महत्वपूर्ण विषय था, क्योंकि देश के कई हिस्सों में एलपीजी और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे मुद्दों पर गंभीर और तथ्यपरक चर्चा की अपेक्षा स्वाभाविक थी। हालांकि, चर्चा के दौरान घटनाक्रम कुछ अलग दिशा में मुड़ गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जब इस विषय पर अपनी बात रख रहे थे, तब उन्होंने एलपीजी और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे से हटकर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से जुड़े कुछ आरोपों का उल्लेख किया। इन आरोपों में अंतरराष्ट्रीय व्यक्तियों के नामों का भी जिक्र किया गया, जिससे सदन में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। सत्ता पक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सदन में हंगामा शुरू हो गया। स्थिति को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिस विषय पर नोटिस दिया गया है, उसी विषय पर चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने राहुल की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए उसे संसद की कार्यवाही से हटाने के निर्देश भी दिए। स्पीकर ने यह भी दोहराया कि सदन की कार्यवाही संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार ही चलेगी और बिना पूर्व नोटिस के किसी अन्य मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। संसद में बहस का स्तर जितना गंभीर और तथ्यपूर्ण होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। यदि बहस मुद्दों से भटककर व्यक्तिगत आरोपों और राजनीतिक टकराव तक सीमित हो जाए तो इसका नुकसान लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। जनता अपने प्रतिनिधियों से उम्मीद करती है कि वे संसद में उनके मुद्दों को गंभीरता से उठाएं और समाधान की दिशा में सार्थक चर्चा करें। दरअसल, संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है। यही लोकतंत्र की खूबसूरती भी है, लेकिन इन मतभेदों को व्यक्त करने का तरीका भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। संसदीय लोकतंत्र में नियम, प्रक्रिया और मर्यादा केवल औपचारिकताएं नहीं हैं, बल्कि वे उस व्यवस्था की नींव हैं जो देश को लोकतांत्रिक रूप से संचालित करती है। आज जब देश अनेक आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब संसद से यह अपेक्षा और भी बढ़ जाती है कि वहां होने वाली बहसें गंभीर, सार्थक और समाधान की दिशा में हों। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि संसद केवल राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं है, बल्कि यह नीति निर्माण और लोकतांत्रिक जवाबदेही का केंद्र है। कुल मिलाकर यह सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे सदन की गरिमा, नियम और मर्यादा को बनाए रखें। वहीं विपक्ष भी अपने उठाए मुद्दों पर बहस से न भागे और संसद के नियमों का पालन करे।



मुद्दा
डॉ .सूर्यकांत मिश्रा

# इच्छामृत्यु : मृतप्राय शरीर का उद्धार

इच्छामृत्यु के एक बड़े फैसले के बाद यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि क्या परेशान व्यक्ति अपने जीवन का अंत करने की अर्जी लगा सकता है? इस संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह की बहस लाजिमी है। कारण यह कि सुप्रीम कोर्ट ने लंबे विचार - विमर्श के बाद कानूनी पेचीदगियों का समाधान ढूंढते हुए इच्छामृत्यु की अनुमति दी है। इच्छामृत्यु के इस बड़े फैसले के बाद ऐसे लोगों के लिए रास्ता खुला है, जो वास्तव में कई वर्षों से अपनी बीमारी से जूझ रहे हैं। न तो मर्ज दूर हो पा रहा है और न ही परिजनों की सेवा मिल पा रही है। अब कानून ने यह अधिकार दे दिया है कि जीवन बचाए जाने की हर प्रक्रिया असफल हो जाने पर इच्छामृत्यु का मार्ग चुन लिया जाए।

इच्छामृत्यु के एक बड़े फैसले के बाद यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि क्या परेशान व्यक्ति अपने जीवन का अंत करने की अर्जी लगा सकता है ? इस संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह की बहस लाजिमी है । कारण यह कि सुप्रीम कोर्ट ने लंबे विचार - विमर्श के बाद कानूनी पेचीदगियों का समाधान ढूंढते हुए इच्छामृत्यु की अनुमति दी है। दो न्यायमूर्तियों की पीठ ने जब इस तरह के पहले निर्णय को अधिकार निरूपित करते हुए इच्छामृत्यु की अनुमति दी, तब वे भी अत्यंत भावुक हो उठे! कोई भी व्यक्ति इस फैसले के बाद इसे अपना अधिकार नहीं मान सकता है।

इच्छामृत्यु जिन परिस्थितियों में उचित ठहराई गई है, उसका अध्ययन जरूरी है। एक भारतीय युवक को, जो महज 31 वर्ष का ही है, उसे परिजनों की इच्छा से इच्छामृत्यु के अधिकार तक पहुंचाना दिल पर पत्थर रखने वाली बात ही है। विगत 13 वर्षों से कोमा की स्थिति में पड़े उस युवक का दर्द, उसकी छटपटाहट, उसकी परेशानी, परिवार के हर शख्स के लिए हर पल मरने वाली स्थिति से कम नहीं थी। वह भी ऐसी हालत में जब उस युवक की जीवन प्रत्याशा शून्य रह गई हो। यह भी कहा जा सकता है कि सांस लौटने की उम्मीद में एक पारिवारिक सदस्य की सेवा करते रहना ईश्वरीय चमत्कार के अधीन ही टीका हुआ था। चिकित्सकों ने भी हर कोशिश के बाद मृत्युद्वार को ही बेहतर समझा और इच्छामृत्यु की अर्जी पर मुहर लगा दी। इच्छामृत्यु के अत्यंत ही संवेदनशील मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने 31 वर्षीय युवक की जीवन रक्षक प्रणाली (लाइफ सपोर्ट ) को हटाने की अनुमति देकर यह सिद्ध कर दिखाया कि परिस्थिति के आगे कानून को नरम होना ही पड़ता है। लगभग 13 वर्ष से कोमा की स्थिति में पड़े हरीश राणा की चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर पैसिव यूथेनेशिया अर्थात इच्छामृत्यु पर ठप्पा लगाना न्यायमूर्तियों के लिए भी आसान नहीं था। माता-पिता द्वारा न्यायालय में लगाई गई इच्छामृत्यु की अर्जी भी मां की ममता और पिता के संबल पर भारी पड़ती दिखाई पड़ी! 13 वर्षों से कोमा की स्थिति में रहने वाले अपने जिगर के टुकड़े के जी उठने की उम्मीद में माता-पिता द्वारा हर संभव सेवा भी उनकी कठिन तपस्या से कम नहीं मानी जानी चाहिए। आखिरकार ममता और संबल को ईश्वर की इच्छा के आगे नत-मस्तक होना ही पड़ा! माता- पिता ने अपने बेटे पर से जीवन रक्षक उपचार को हटाने की अनुमति मांगकर अपनी उस तकलीफ का अग्नि संस्कार कर दिया, जो पल-पल उनके कुलदीपक की लौ को मद्धिम कर रही थी! कोर्ट ने संवेदनशील मामले में निर्णय सुनाते हुए कहा कि जीवन रक्षक प्रणाली को सम्मानजनक और गरिमापूर्ण तरीके से हटाया जाए! अदालत ने हरीश राणा के माता-पिता की सराहना करते हुए कहा कि ना- उम्मीदी में लंबे समय तक सेवा करना मतलब अंधेरे में रोशनी तलाशने से कम नहीं था।

हरीश राणा के माता-पिता की मनः स्थिति को समझते हुए फैसला सुनाने से पहले न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन ने अपने अचेतन मन में कहीं छिपे पड़े एक



सारगर्भित श्लोक को ढूंढ निकाला। वह श्लोक माता - पिता के हृदय में अपने बेटे के प्रति स्नेह एवं पीड़ा की स्थिति में उसके उद्धार की भावना से जुड़ा माना जा सकता है। न्यायमूर्ति ने कहा :- 'चिन्तायाश्च चितायाश्च बिंदुमात्रम्‍ विशिष्यते, चिता दहाति निर्जीवम, चिंता दहाति जीवनम।' अर्थात चिंता और चिता को ध्यान से देखा जाए तो दोनों में एक मात्रा (बिंदु) का ही फर्क है। चिता मनुष्य के मृत शरीर को जलाती है जबकि चिंता जीवित व्यक्ति को पल-पल जलाती रहती है! यह श्लोक हरीश राणा के माता-पिता को संबल प्रदान करने के लिए सटीक माना जा सकता है।

यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि इच्छामृत्यु मनुष्य का अधिकार नहीं, बल्कि परिस्थिति द्वारा निर्मित आवश्यक प्रक्रिया ही हो सकती है। इच्छामृत्यु का विकल्प उसी स्थिति में चुना जा सकता है जब मेडिकल साइंस पीड़ित को बचाने की हर संभव कोशिश के बाद अपने हाथ खड़े कर दे! साधारण पीड़ा अथवा किसी साध्य रोग से लड़ने की हिम्मत छोड़कर न्यायालय के समक्ष इच्छामृत्यु की अर्जी नहीं लगाई जा सकती। इस बड़े फैसले के बाद यह चर्चा भी की जाने लगी है कि इच्छामृत्यु की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। भले ही वह नैतिक रूप से सही हो। कारण यह कि इस अधिकार का दुरुपयोग किया जा सकता है और हत्या जैसे जघन्य अपराध के लिए आवरण का रूप ले सकता है। समाज में सम्मान से जीवित रहने के अधिकार को हम सब जानते और मानते हैं, किंतु बहुत कम लोग सम्मान से मरने के अधिकार को अहमियत देते हैं। हमारे कानून में प्रत्येक व्यक्ति को यह अधिकार दिया जाना चाहिए कि जब उसका जीवन पारिवारिक सदस्यों के लिए बोझ बन जाए, तब वह सम्मान से अपने मरने के अधिकार का उपयोग कर सके। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि वह व्यक्ति जो इच्छामृत्यु की मांग कर रहा है, उसकी पीड़ा अथवा बीमारी असाध्य है, जो खुद उसके लिए असहनीय होने के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है। यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि इच्छामृत्यु आत्महत्या न बन जाए । साथ ही समाज अथवा परिवार के बीमार लोगों को खत्म करने का जरिया न बन जाए? जैन धर्म में 'संथारा' ऐसी ही एक विचारधारा है, जिसे हम आत्महत्या नहीं कह सकते। अन्य शब्दों में कहूं तो यह मृत्यु को वरण करने की एक क्रिया मात्र है। संथारा करने वाला व्यक्ति भोजन, पानी, दवाई छोड़कर मृत्यु की ओर अग्रसर होता है, किंतु इस क्रिया को हम क्षणिक भी नहीं मान सकते हैं। संथारा के बीच व्यक्ति के जीवन की प्रत्याशा अथवा जीवन की लौ जागृत होने पर उससे लौटा भी जा सकता है। इच्छामृत्यु के इस बड़े फैसले के बाद ऐसे लोगों के लिए रास्ता खुला है, जो वास्तव में कई वर्षों से अपनी बीमारी से जूझ रहे हैं। न तो मर्ज दूर हो पा रहा है और न ही परिजनों की सेवा मिल पा रही है!

ऐसी परिस्थिति में खुद बीमार यदि मानसिक रूप से स्वस्थ है तो कोर्ट में इच्छामृत्यु का आवेदन लगा सकता है। उसके कोमा की स्थिति में होने से परिजन ऐसा आवेदन लगा सकते हैं। जहां तक मैं सोचता हूं अत्याधुनिक जीवनदाई सिस्टम 'वेंटीलेटर' में एक नहीं अनेक ऐसे जीवन पड़े होते हैं, जो वर्षों से उसी वेंटीलेटर के भरोसे सांस ले रहे होते हैं! परिजनों का लगाव और पुनर्जीवन की उम्मीद एक तरह से मृत शरीर की ही सेवा करती प्रतीत होती रही है। अब कानून ने यह अधिकार दे दिया है कि जीवन बचाए जाने की हर प्रक्रिया असफल हो जाने पर इच्छामृत्यु का मार्ग चुन लिया जाए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य
मनीष कुमार चौधरी




# खानपान में मिलावट का घुलता धीमा जहर

दशकों पहले मुनाफे के लिए छोटी-मोटी छेड़छाड़ के रूप में शुरू हुआ मिलावट का खेल अब एक बेरहम खतरा बन गया है। एक धीमा जहर, जो हमारी रसोई और थालियों में घुल-मिल गया है। मिलावट, जिसे कभी एक अलग-थलग गलती माना जाता था, उसे अब मॉडर्न फूड सप्लाई चेन में एक प्रणालीगत कमजोरी के तौर पर पहचाना जा रहा है। खाने में मिलावट और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाना भारत में एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मिलावटी भोजन की पहचान आमतौर पर तब तक नहीं हो पाती जब तक कि उससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा न दिखने लगे। मात्रा बढ़ाने के लिए मिलावट करने वाले पदार्थ मिलाना, ठोस पदार्थों की मात्रा बढ़ाने के लिए गाढ़ा करने वाले पदार्थ मिलाना, वसा, कार्बोहाइड्रेट या प्रोटीन की मात्रा की भरपाई करना, शेल्फ लाइफ बढ़ाना, सौंदर्यबोध बढ़ाना और इसे असली जैसा दिखाना...। ये कुछ तरीके इतने आम हो चले हैं कि रोजमर्रा की खरीदारी में गिनती में ही नहीं आते। कुछ खाद्य उत्पादक/व्यापारी अपने उत्पादों का बढ़ा-चढ़ाकर विज्ञापन करते हैं। भ्रामक/झूठे विज्ञापनों के कारण उपभोक्ता के लिए सुरक्षित खाद्य पदार्थों का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाता है। खाने में मिलावट अब कभी-कभार होने वाली घटनाओं तक सीमित नहीं है। दूध, पनीर, मसाले, सब्जियां, अंडे, मीट, मछली और पैकेज्ड फूड, जिन्हें रोजाना लाखों लोग खाते हैं, अब आए दिन वैज्ञानिक जांच के दायरे में आ रहे हैं। सर्विलांस रिपोर्ट, फूड टेस्टिंग डेटा और रेगुलेटरी नतीजों से पता चलता है कि उत्पादन और वितरण के कई चरणों पर बार-बार गड़बड़ियां होती हैं। यह कई रूपों में होती हैं। जैसे मिलावट, प्रतिस्थापन, पैकेजिंग सामग्री में खराब गुणवत्ता को छिपाना, सड़े हुए खाद्य पदार्थों को बिक्री के लिए रखना, गलत ब्रांडिंग या झूठे लेबल लगाना और विषाक्त पदार्थों को मिलाना। खाद्य पदार्थों में मिलावट से कैंसर, यकृत रोग, हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी और तंत्रिका तंत्र संबंधी कई बीमारियां होती हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना स्वास्थ्य और ग्राहक संतुष्टि की रीढ़ है। खाद्य पदार्थों में मिलावट का बने रहना कोई संयोग नहीं है। यह आर्थिक लालच से प्रेरित है, सिस्टम की कमियों के कारण संभव होता है और उपभोक्ता की अज्ञानता व लापरवाही से कायम रहता है। अधिकांश खरीदारों को पता नहीं होता कि इसकी कहां-कैसे शिकायत करें। कानून की कमजोरियों और लचर सिस्टम का फायदा उठाकर कई कारोबारी इस मिलावट के खेल में शामिल रहते हैं। नियामक निकाय, कानूनों और एजेंसियों के बावजूद यह खतरा इसलिए जारी है, क्योंकि प्रवर्तन अधूरा है और अपराधी अक्सर बिना सजा के बच निकलते हैं। अब तो मिलावट के तरीके और भी ज्यादा परिष्कृत हो गए हैं। ऐसे रसायनों और रंगों का उपयोग किया जा रहा है जो असली भोजन की बनावट, रंग और स्वाद की नकल करते हैं, जिससे आम उपभोक्ता के लिए शुद्ध-अशुद्ध की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि भारत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कई मानक तय किए हुए हैं। निरीक्षण भी होता है और जुर्माना भी लगता है। वैज्ञानिक और उन्नत प्रयोगशाला तकनीकें भी मौजूद हैं। परंतु नियमों को लागू करने के लिए अभी भी ज्यादा मैनपावर, बेहतर तालमेल और तेज व गतिशील कानूनी प्रक्रियाओं की जरूरत है। हाल ही में सरकार की ओर से खाद्य पदार्थों के लिए स्टार रेटिंग की प्रक्रिया पर और सुधार की जरूरत बताई गई है। एक शपथ पत्र में, एफएसएसएआई ने 'फ्रंट ऑफ पैक न्यूट्रिशन लेबलिंग' के लिए एक मैकेनिज्म को फाइनल करने से पहले ड्राफ्ट रेगुलेशन को वापस लेने और आगे शोध करने का प्रस्ताव दिया है। इंडस्ट्री चाहती है कि लेबलिंग प्रोडक्ट पर छपने तक ही सीमित न रहे। हमें यह बताकर वैल्यू ऐड करनी होगी कि यह अच्छी है, बुरी है या कोई फर्क नहीं पड़ता। हालांकि एफएसएसएआई के 2022 के नियमों में प्रस्तावित स्टार-बेस्ड सिस्टम सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन कम से कम यह एक ऐसा सिस्टम बनाने की शुरुआत थी, जहां ग्राहक पैकेज्ड खाद्य उत्पादों को खरीदने से पहले सोच-समझकर फैसला ले सकें। हर मिलावटी चीज न सिर्फ भरोसे का धोखा है बल्कि इंसानी सेहत पर सीधा हमला है, जो पोषण को खतरा बना देता है। कड़वी सच्चाई यह है कि कई 'भरोसेमंद' ब्रांड भी मिलावट से अछूते नहीं हैं। आम उपभोक्ता अक्सर इस खतरे के सामने खुद को शक्तिहीन महसूस करते हैं। खाने में मिलावट चुपचाप पनपती है और यह तभी खत्म होगी जब सरकारें कड़े कदम उठाएंगी, उद्योग नियमों का पालन करेंगे और उपभोक्ता समझौता करने से इनकार करेंगे। शुद्धता कोई विलासिता नहीं है, यह एक अधिकार है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सत्य, तप, दया और पवित्रता



संकलित
दर्शन

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं? आपके लिए मैंने लक्ष्मी, दान आदि सबका त्याग किया है। मैं आपको नहीं जाने दूंगा। आपके जाने पर मेरा सब कुछ चला जाएगा।' यह सुनकर सत्य वहीं रह गया। सत्य घर में से बाहर नहीं आया, अतएव गई हुई लक्ष्मी, दान, सदाचार और यश भी वापस आ गए। सत्य ही सर्वस्व है।

## चेतन अमल सहज सुख रासी



संकलित
प्रेरणा

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

मार्च का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह मार्च के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 मार्च 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। हिसार मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है।

**-सागर, करनाल**

## ट्रेंड

### डीजल-पेट्रोल की कमी नहीं



उत्तर प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। रसोई गैस की कमी से संबंधित अफवाहों से बचें। यदि कोई वितरक एजेंसी अथवा निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### आधुनिक वाहन



झारखंड राज्य की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज झारखंड पुलिस के हजारों आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही नए थानों की आधारशिला रखी तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया।

**- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड**

### विकास बोर्डों का गठन



हमारी सरकार मुंडा (अनुसूचित जनजाति), कोरा, डोम (अनुसूचित जाति), कुंभकार और सदगोपे (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदायों के लिए शीघ्र ही पांच नए सांस्कृतिक एवं विकास बोर्डों का गठन करने जा रही है। ये समुदाय बंगाल की जीवंत संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। इन सभी को बधाई।

**-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### विपक्ष के पास एजेंडा नहीं



विपक्ष के पास रचनात्मक कार्य करने का कोई एजेंडा नहीं बचा है। उनका एकमात्र उद्देश्य विकास कार्यों में बाधा डालना है। वे न तो सकारात्मक सोच रखते हैं, न ही देशहित में कोई सार्थक योगदान देना चाहते हैं।

**-अरुण गोविल, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर

# भारत होर्मुज से अपने व्यापारिक जहाजों के लिए ईरान के संपर्क में



भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक जहाजरानी मार्ग से भारतीय ध्वज वाले लगभग 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने को लेकर ईरान के साथ संपर्क में है। अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष के बीच ईरान ने इस मार्ग को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष के बीच हुई बातचीत के दौरान जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दे उठे थे। पता चला है कि ईरान ने पिछले चार-पांच दिन में भारतीय ध्वज वाले किसी भी वाणिज्यिक टैंकर को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी है। पोत परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वर्तमान में होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में भारतीय ध्वज वाले कुल 24 जहाज 677 भारतीय नाविकों के साथ मौजूद हैं, जबकि रणनीतिक जलमार्ग के पूर्व में 101 भारतीय नाविकों वाले चार जहाज तैनात हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ' 'हाल के दिनों में विदेश मंत्री और ईरान के विदेश मंत्री के बीच तीन बार बातचीत हुई है। आखिरी वार्ता में जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे आगे कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

## ऑफ बीट

# भगवान नृसिंह की छवि के रूप में स्थापित मां प्रत्यंगिरा देवी



उज्जैन में मां भगवती के ऐसे अद्भुत रूप की पूजा होती है, जो दिखने में भगवान नृसिंह की छवि लगती है। खास बात यह है कि मंदिर में मौजूद मां, असुर रावण की कुलदेवी हैं। उज्जैन में यह मंदिर भैरवगढ़ रोड स्थित बगलामुखी धाम के नजदीक ही है। मां प्रत्यंगिरा देवी का रूप मां के बाकी अवतारों से अलग और क्रोध को दिखाने वाला है। मां का चेहरा सिंह के जैसा है और बाकी का शरीर देवी के समान है। मां का ये प्रतिरूप सिंह की गर्जना की तरह दिखता है। पौराणिक कथा की मानें तो जब परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने भगवान नृसिंह का रूप लिया था, तब हिरण्यकश्यप के वध के बाद भी उनका क्रोध शांत नहीं हुआ था। भगवान नृसिंह के क्रोध की वजह से देवता और असुर दोनों घबरा गए थे। तब सभी देवताओं के आह्वान के बाद मां प्रत्यंगिरा प्रकट हुई, जिन्होंने भगवान नृसिंह को शांत करवाया था। रावण की कुलदेवी हैं निकुंबला- खास बात ये है कि प्रत्यंगिरा देवी को निकुंबला देवी का ही रूप माना जाता है, जिनकी पूजा रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने की थी। रामायण में मां निकुंबला देवी का जिक्र भी है कि कैसे युद्ध पर जाने से पहले रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने विजय पाने के लिए मां के विशेष अनुष्ठान किए थे।

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# आईपीएल 2026: मैदान पर दिखेगा हरियाणा का 'दम', इस बार म्हारे 6 धुरंधर बिखेरेंगे जलवा



रोहित डागर ▶▶| रोहतक

हरिभूमि विशेष


दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी-20 क्रिकेट लीग, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का रोमांच एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। 28 मार्च से शुरू होने वाले इस सीजन के लिए क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। इस बार प्रदेश के 6 प्रतिभावान खिलाड़ी अलग-अलग टीमों की ओर से मैदान पर अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस बार के सीजन में प्रदेश के खेल कौशल का प्रतिनिधित्व करनाल से लेकर रोहतक तक के खिलाड़ी कर रहे हैं।

### युजवेंद्र चहल



हरियाणा के सबसे सफल स्पिनर युजवेंद्र चहल को पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि में रिटेन किया है। जींद के रहने वाले चहल आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाज हैं। चहल ने अब तक 174 आईपीएल मैचों में 221 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/40 रहा है। वह आईपीएल में 200 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले पहले गेंदबाज हैं। 2011 से 2013 तक मुंबई इंडियंस, 2014 से 2021 तक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, 2022 से 2024 तक राजस्थान रॉयल्स और 2025 से वर्तमान पंजाब किंग्स का हिस्सा है।

### राहुल तेवतिया



अपने छक्कों से मैच को पलटने वाले राहुल तेवतिया को गुजरात टाइटंस ने 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। फरीदाबाद के रहने वाले तेवतिया अपनी फिनिशिंग स्किल्स के लिए मशहूर हैं। उन्होंने 108 मैचों में 1112 रन बनाए हैं और 32 विकेट भी चटकाए हैं। पंजाब के खिलाफ एक ओवर में 5 छक्के मारने का उनका कारनामा आज भी प्रशंसकों के जेहन में ताजा है। 2014 से 2015 व 2020 से 2021 तक राजस्थान का हिस्सा रहे। 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब, 2018 से 2019 तक दिल्ली कैपिटल्स और 2022 से वर्तमान गुजरात टाइटन्स हिस्सा हैं।

### अंशुल कंबोज




रणजी ट्रॉफी में एक पारी में 10 विकेट लेकर इतिहास रचने वाले अंशुल कंबोज को चेन्नई सुपर किंग्स ने 3.40 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है। पिछले सीजन 2025 में करनाल के अंशुल ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। उन्होंने अब तक 11 आईपीएल मैचों में 10 विकेट लिए हैं, जिसमें 3/13 उनका सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा है। अंशुल ने 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए अपना डेब्यू किया और 2025 से वर्तमान चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा है।

### जयंत यादव



गुरुग्राम के अनुभवी ऑफ-स्पिनर जयंत यादव को गुजरात टाइटंस ने 75 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। वह अपनी कसी हुई गेंदबाजी और निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। जयंत ने 20 आईपीएल मैचों में 8 विकेट लिए हैं और उनकी इकोनॉमी रेट (6.85) काफी प्रभावशाली रही है। 2015 से 2018 दिल्ली कैपिटल्स, 2019 से 2021 मुंबई इंडियंस और 2022 से वर्तमान गुजरात टाइटन्स का हिस्सा है।

### निशांत सिंधु



रोहतक के युवा ऑलराउंडर निशांत सिंधु को गुजरात टाइटंस ने 30 लाख रुपये में खरीदा है। अंडर-19 वर्ल्ड कप के स्टार रहे निशांत एक विस्फोटक बल्लेबाज और उपयोगी स्पिनर हैं। घरेलू टी-20 क्रिकेट (सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025) में निशांत ने 763 रन बनाने के साथ-साथ 21 विकेट भी हासिल किए हैं। आईपीएल में अब तक निशांत सिंधु को खेलने का मौका नहीं मिला है। सिंधु लगातार धरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उम्मीद है कि इस बार सिंधु को खेलने का मौका मिलेगा और वह शानदार प्रदर्शन करेगा। 2023-2024 चेन्नई सुपर किंग्स और 2025-2026 गुजरात टाइटंस का हिस्सा है।

### कनिष्क चौहान



झज्जर के उभरते हुए सितारे कनिष्क चौहान को पहली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 30 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। बेहतरीन ऑलराउंडर कनिष्क का अंडर-19 क्रिकेट का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने घरेलू और यूथ क्रिकेट के 30 मैचों में 90 विकेट चटकाए हैं। कनिष्क मुलरूप से झज्जर का निवासी है, लेकिन सिरसा जिले की ओर से खेलता है।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड ने दी ओरम और रोंची को छुट्टी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड पुरुष टीम के सहायक कोच जैकब ओरम और ल्यूक रोंची को पाकिस्तान सुपर लीग की इस्लामाबाद युनाइटेड टीम की कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने छुट्टी दे दी है। इस टीम के लिए 2017 से 2021 तक खेलने वाले रोंची मुख्य कोच होंगे जबकि ओरम उनके सहायकों में से होंगे। पीएसएल 26 मार्च से अप्रैल अंत तक चलेगा। इस दौरान ये दोनों दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला और अप्रैल में बांग्लादेश दौरे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा,' ल्यूक और जैक के लिए यह कोचिंग अनुभव लेने का अच्छा मौका है। हमारे खिलाड़ियों की ही तरह कोचों की भी भारी मांग है और हमें लगता है कि इस अनुभव से उन्हें ही नहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी भविष्य में फायदा होगा।'

### पांच अंडर 67 स्कोर के साथ थिगाला शीर्ष पर



**पोंटे वेद्रा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दिन पांच अंडर 67 स्कोर करके संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। थिगाला के साथ मावेरिक मैकनीली, ली हॉजेस, सेप स्ट्राका और आस्टिन स्मूदरमैन पहले स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अन्य खिलाड़ियों में अर्नाल्ड पामेर आमंत्रण टूर्नामेंट के विजेता अक्षय भाटिया संयुक्त 30वें , सुदर्शन येल्लामाराजू और आरोन राय संयुक्त 69वें स्थान पर हैं।

### जुलाई मे अल्टीमेट टेबल टेनिस, गोवा करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** गोवा जुलाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में फ्रेंचाइजी आधारित अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सातवें सत्र की मेजबानी करेगा। लीग के आयोजकों ने इसकी जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वाधान में 11 स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित की जाने वाली यूटीटी 2017 में लांच हुई थी और आयोजकों ने एक बयान में कहा, अल्टीमेट टेबल टेनिस भारत के टेबल टेनिस तंत्र का अहम हिस्सा बन गई है। इससे पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक स्तर पर खेल बेहतर हुआ है। यूटीटी के सह प्रवर्तक विटा दानी ने कहा, इस लीग ने भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की है,उन्हें ज्यादा पहचान मिली है। हमारा मकसद एक ऐसी विश्व स्तरीय लीग बनाना है जो युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करे, प्रशंसकों को इस खेल से जोड़े और लंबे समय तक खेल के विकास में मदद करे। खिलाड़ियों की नीलामी और सातवें सत्र के पूरे कार्यक्रम की घोषणा आगामी हफ्तों में की जाएगी।

## कार्लोस ने कैमरुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-4 से दर्ज की जीत

# लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बने अल्कारेज

### अल्कारेज ने 2023 और 2024 में जीता था टाइटल



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैमरून नॉरी के खिलाफ हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, स्पेन के अल्कारेज ने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था। इसके अलावा, 2026 में अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक पहुंचा दिया। अल्कारेज लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले राफेल नडाल (2006-13) और नोवाक जोकोविच (2011-16) ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अल्कारेज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का टाइटल जीता था। दोनों बार उन्होंने फाइनल में मेदवेदेव को हराया था।



### मैंने आक्रामक खेला : अल्कारेज

जीत के बाद अल्कारेज ने कहा, "हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके भारी टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो है। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट ढूंढना पड़ता है। मैंने अच्छा खेला। मैंने आक्रामक खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं।

### स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा रहा भारी

मैच के दौरान अल्कारेज और नॉरी ने अपनी रफ्तार बदली, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा भारी रहा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्विस ब्रेक के साथ खत्म हुआ। नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्कारेज ने लगातार चार गेम जीता। पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने बेसलाइन हिटिंग के साथ हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिश्रण दिखाते हुए, एक घंटे 33 मिनट के बाद अपने चौथे मैच पॉइंट को बदलकर आगे बढ़ गए।

### एरिना का खिताब की ओर अगला कदम

एरिना सबालेंका ने बीएनपी परीबस ओपन क्वार्टर फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 7-6, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस खिताब की ओर अगला कदम बढ़ा दिया। सबालेंका सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी, जिन्होंने आस्ट्रेलिया की गैर वरीय तालिया गिब्सन को 6-2, 4-6, 6-2 से मात दी।





### एलिना ने इगा को हराया

नौवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना भी पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब उनका सामना एलेना रिबाकिना से होगा, जिसने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 7-6 से मात दी।

### मेदवेदेव ने गत चैंपियन ड्रेपर को दी मात



दानिल मेदवेदेव पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए। मेदवेदेव ने विवादास्पद अंपायर कॉल का फायदा उठाकर गत चैंपियन जैक ड्रेपर को 6-1, 7-5 से हराया। मेदवेदेव का सामना अब कार्लोस अल्काराज या कैमरन नॉरी से होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिनर की टक्कर ज्वेरेव से होगी।

## 14 राज्यों में भागीदारी दोगुनी

# क्रिकेट मैदान पर बढ़ रहा है भारतीय महिलाओं का दबदबा

*बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम के कराए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। इस अध्ययन में 10 हजार से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है। अध्ययन के अनुसार, '15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है।' हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगaदान हो सकता है।

### यूपी में भागीदारी 10 गुना बढ़ी

उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है। साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।' अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है, जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया।

### क्रिकेट ने कबड्डी को काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ा



क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है। अध्ययन में कहा गया, 'जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है।'इसके अनुसार, 'अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई।

### महिलाओं की बैडमिंटन में भागीदारी बढ़ी



सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। अध्ययन के अनुसार, 'जो महिलाएं कोई खेल नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया।

## एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर: भारत फाइनल में, इंग्लैंड से होगा सामना

**हैदराबाद।** भारत ने मनीषा चौहान के तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से शुक्रवार को यहां एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराया, जिससे अब खिताब के लिए उसका सामना इंग्लैंड से होगा। मिडफील्डर मनीषा ने तीसरे क्वार्टर के 40वें मिनट में निर्णायक गोल किया। भारत इस साल 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप में पहले ही जगह बना चुका है। भारत ने जोरदार शुरुआत की, लेकिन इटली ने तुरंत जवाब दिया और आक्रामक हमले किए। हालांकि भारत ने दूसरे क्वार्टर में लय हासिल कर ली। 18वें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन नवनीत कौर के शॉट को इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने रोक दिया। मेजबान टीम को 27वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। कप्तान सलीमा टेटे के शॉट को इटली की डिफेंडर ने रोक दिया, जिससे गोल नहीं हो सका। 29वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने का एक और मौका मिला, लेकिन नवनीत का शॉट चूक गया। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में इटली ने जोरदार हमला किया, लेकिन भारत की गोलकीपर बीचू देवी खारिबाम ने इसका बचाव किया। भारत को 40वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार टीम ने इसे गोल में बदल दिया।

# ईरान फुटबॉल टीम ने किया ट्रंप पर पलटवार

## कहा- विश्व कप में भाग लेने से 'कोई नहीं रोक सकता'

एजेंसी ▶▶| जेनेवा

ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि उसे पुरुषों के फीफा विश्व कप से 'कोई भी बाहर नहीं कर सकता।'टीम ने गुरुवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में तंज करते हुए यह भी कहा कि अगर सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती, तो शायद अमेरिका की टीम को ही टूर्नामेंट से बाहर कर देना चाहिए।

यह प्रतिक्रिया ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि सह-मेजबान अमेरिका ईरान के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मौजूदा युद्ध के बावजूद ईरान की टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन 'मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी जान और सुरक्षा के लिहाज से उनका वहां होना उचित है।'ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले अमेरिका में खेलने हैं। फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इस युद्ध के कारण ईरान की विश्व कप में भागीदारी पर सवाल उठने लगे हैं।



### ईरान टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक

इंस्टाग्राम पर ईरान की टीम की प्रतिक्रिया से स्पष्ट हुआ कि वे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक है। पोस्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया कि टूर्नामेंट का संचालन फीफा करता है, न कि ट्रंप या अमेरिका। पोस्ट में कहा गया, ''विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है और इसका संचालन किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि फीफा के द्वारा होता है। निश्चित रूप से कोई भी ईरान की राष्ट्रीय टीम को विश्व कप से बाहर नहीं कर सकता। बाहर वही देश हो सकता है जो केवल मेजबान का दर्जा रखता हो लेकिन इस वैश्विक आयोजन में भाग लेने वाली टीमों को सुरक्षा देने की क्षमता नहीं रखता हो।'


## प्रणय, दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया बाहर

# टॉप्स कोर समूह में शामिल निशानेबाज सम्राट और सुरुचि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टीओपीएस) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को 'प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों' को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया गया है। 'टॉप्स' के मुख्य कार्यकारी



अधिकारी एनएस जोहल की अध्यक्षता में 'मिशन ओलंपिक सेल' (एमओसी) की 169वीं बैठक में सूची में फेरबदल किया गया। सम्राट ने जहां पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में विश्व चैंपियन का खिताब जीता, वहीं सुरुचि ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

### प्रमोद ने जीता था छठा विश्व खिताब

*ओलंपिक के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद ने इस साल की शुरुआत में अपना छठा विश्व खिताब जीता। पोलियो के कारण बाएं पैर में विकार की दिव्यांगता का शिकार यह 37 वर्षीय खिलाड़ी लगातार तीन डोपिंग परीक्षणों में अनुपस्थित रहने के उल्लंघन के लिए तीन साल के निलंबन के बाद पिछले साल प्रतियोगिता में लौटा है। इस सूची में शामिल होने वाले एक अन्य खिलाड़ी इस वर्ष के एशियाई रजत पदक विजेता राइफल निशानेबाज नीरज कुमार हैं। हालांकि, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता शिव नरवाल को सूची में हुए कुछ बदलावों और नए नामों के शामिल होने के बाद 56 सदस्यीय मुख्य समूह से बाहर कर दिया गया है।*

### गुलवीर को पदोन्नत किया जाना उचित

पिछले साल गुलवीर के शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें विकास स्तर (डेवलपमेंटल लेवल) से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया जाना बिल्कुल उचित था। वे 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में दोनों स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया था। इसके साथ ही बैडमिंटन मिश्रित युगल जोड़ी तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला तथा पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम फेदरवेट वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुक्केबाज जैस्मीन लंबोरिया को भी विकासात्मक स्तर से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया गया है।




# ईरान का दावा- इराक में मार गिराया अमेरिकी रिफ्यूलिंग विमान, यूएस कमांड ने 'नकारा'



अमेरिकी सेंट्रल कमांड द्वारा जारी तस्वीर जिसमें क्रैश होने से पहले ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान अमेरिकी वायु सेना का एक केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर मध्य पूर्व में अमेरिकी नौसेना के एफ/ए-18एफ सुपर हॉर्नेट को ईंधन भरता हुआ।






इजराइल के जारजिर शहर पर ईरानी मिसाइलों से क्षतिग्रस्त घर व कार

एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान के सैन्य केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता ने दावा किया है कि पश्चिमी इराक में सक्रिय विद्रोही गुटों ने अमेरिका के एक सैन्य विमान को मिसाइल से मार गिराया है। यह विमान एक रिफ्यूलिंग विमान था। इस घटना में विमान में सवार सभी 6 सैनिकों की मौत हो गई है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क विभाग ने बयान में कहा गया कि रेजिस्टेंस फ्रंट के एयर डिफेंस सिस्टम ने बोइंग केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर को उस समय निशाना बनाया, जब वह एक लड़ाकू विमान में ईंधन भर रहा था।

## हमले में नहीं गिरा विमानः यूएस

दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'एक्स' पर विमान के गिरने की बात तो मानी है, लेकिन किसी भी तरह के हमले से साफ इनकार किया है। अमेरिकी सेना ने बताया कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान उनका एक बोइंग केसी-135 विमान इराक के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना मित्र देश के हवाई क्षेत्र में हुई। इस अभियान में दो विमान शामिल थे। इनमें से एक विमान पश्चिमी इराक में गिर गया, जबकि दूसरा विमान सुरक्षित उतरने में कामयाब रहा। अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया कि यह हादसा किसी दुश्मन की गोलीबारी की वजह से नहीं हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मौके पर बचाव कार्य चल रहा है।

### देखना इन पागलों का क्या हाल करता हूंः अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि देखते रहिए इन पागलों के साथ क्या होता है। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान की नौसेना खत्म हो चुकी है, वायुसेना भी अब नहीं रही और उसके मिसाइल, ड्रोन व अन्य सैन्य संसाधनों को नष्ट किया जा रहा है। ईरान के कई नेता भी मारे जा चुके हैं। ट्रंप ने लिखा कि ईरान ने 47 साल तक दुनिया भर में निर्दोष लोगों को मारा है और अब मैं, अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति, उन्हें खत्म कर रहा हूं।

## ईरानी स्कूल के पीड़ितों की मदद करेगा चीन



चीन ने कहा कि वह ईरान के प्राथमिक स्कूल पर हुए हालिया हमले में मारे गए छात्रों को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2 लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना ने ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2 लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान करने का निर्णय लिया है।

### 48 घंटे में 3 नाटो देश पर ईरान का हमला

पिछले 48 घंटों के भीतर ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया गुटों ने सीधे तौर पर तीन नाटो सदस्य देशों फ्रांस, इटली और तुर्की के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के इस युद्ध में सीधे तौर पर कूदने की आशंका भी बढ़ा दी है। पहली घटना इराक के इरबिल से करीब 40 किलोमीटर दूर एक प्रशिक्षण केंद्र में हुई, जहां ड्रोन हमले में फ्रांसीसी सेना के अधिकारी अर्नो फ्रेयन की मौत हो गई, जबकि कम से कम छह अन्य सैनिक घायल हो गए। बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे सैनिकों पर हमला अस्वीकार्य है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाब देना होगा। इराक के इरबिल में ही एक अन्य सैन्य ठिकाने को भी निशाना बनाया गया, जहां इटली के सैनिक तैनात हैं। मिसाइल हमले में बेस के आसपास विस्फोट हुआ। तीसरा हमला तुर्की के प्रसिद्ध इन्किर्लिक एयर बेस पर किया गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल को नाटो की हवाई सुरक्षा प्रणाली ने हवा में ही रोक लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

### सऊदी अरब को पाक का समर्थन

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ एक विशेष बैठक की। यह मुलाकात जेद्दा में हुई। इस दौरान शहबाज शरीफ ने पश्चिम एशिया के मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालात में सऊदी अरब के लिए अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन दिखाया। दोनों देशों ने क्षेत्रीय शांति के लिए मिलकर काम करने और रक्षा समझौते के तहत एक-दूसरे की मदद करने पर सहमति जताई।

### श्रीलंका से ईरान भेजे जाएंगे 84 नौसैनिकों के शव



हिंद महासागर में अमेरिकी हमले का शिकार हुए 84 ईरानी नौसैनिकों के शव अब उनके वतन वापस भेजे जा रहे हैं। श्रीलंका सरकार ने कोलंबो कोर्ट के आदेश के बाद इन शवों को ईरान भेजने का काम शुरू हो गया है। इनमें से 45 नाविकों के शव शुक्रवार को ईरान के दूतावास को सौंप दिए। मुख्य मजिस्ट्रेट समीरा डोडंगोडा ने गाले बंदरगाह पुलिस के अनुरोध के बाद 11 मार्च को करापितिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल के निदेशक को यह आदेश दिया।

### सभी देशों को रूसी तेल खरीदने की इजाजत

## अमेरिका ने 30 दिन की छूट दी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर के पार चली गई हैं। इसे काबू में करने के लिए ट्रम्प प्रशासन ने दूसरे देशों को भी रूस से तेल खरीदने की अस्थाई मंजूरी दे दी है। रूस के कई ऑयल टैंकर समुद्र में फंसे हैं। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों में ढील देने की बात कही थी। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है। वहीं, ईरान चेतावनी दे चुका है कि कच्चे तेल की कीमतें 200 डॉलर के पार पहुंच सकती हैं।

### सिर्फ समुद्र में फंसे जहाजों से तेल खरीदने की मंजूरी

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग (वित्त मंत्रालय) ने गुरुवार को एक लाइसेंस जारी किया। इसके तहत उन रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की डिलीवरी और बिक्री की जा सकती है, जो 12 मार्च की रात 12:01 बजे से पहले जहाजों पर लोड हो चुके थे। यह छूट सिर्फ 11 अप्रैल तक के लिए दी गई है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि इसका मकसद दुनियाभर में तेल की सप्लाई बढ़ाना है, ताकि बढ़ती कीमतों पर लगाम लग सके।

### अमेरिका ने कहा- रूस को ज्यादा फायदा नहीं होगा

अमेरिका के ट्रेजरी मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक शॉर्ट-टर्म फैसला है और इससे रूस को कोई बहुत बड़ा आर्थिक फायदा नहीं होगा। बेसेंट के मुताबिक रूस की कमाई का बड़ा हिस्सा तेल निकालने के वक्त लगने वाले टैक्स से आता है, जबकि यह छूट सिर्फ उस तेल के लिए है, जो पहले से ही ट्रांजिट (रास्ते) में है।

## आज और कल दो दिन नहीं होगी टिकट बुकिंग, पीएनआर पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

रेल यात्रियों के लिए अहम खबर है। दिल्ली पीआरएस की कुछ सेवाएं दो दिनों के लिए प्रभावित रहेंगी। यह 14 और 15 मार्च 2026 की आधी रात से कुछ समय के लिए बंद रहेंगी। इस दौरान आप टिकट बुकिंग नहीं कर पाएंगे, टिकट कैंसिल नहीं कर पाएंगे, टिकट से जुड़ी पूछताछ नहीं कर सकेंगे, पीएनआर स्टेटस, करंट रिजर्वेशन और दिल्ली से शुरू होने वाली ट्रेनों की ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध नहीं होगी। 14-15 मार्च 2026 की रात दिल्ली पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) में मेंटेनेंस के कारण टिकट बुकिंग, रद्दीकरण और पीएनआर पूछताछ सेवाएं बंद रहेंगी।

**रेल यात्रियों के लिए अहम खबर**



### क्या करती है यह सुविधा

यह सेवा यात्रियों को आरक्षित और अनारक्षित दोनों तरह के ट्रेन टिकट बुक करने की सुविधा देती है। इससे टिकट बुकिंग की पूरी प्रक्रिया आसान हो जाती है और यात्री पहले से अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

### 3 घंटे रहेगी बंद सेवा

नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि दिल्ली पीआरएस सेवाएं करीब 3 घंटे के लिए बंद रहेंगी। यह बंदी सिस्टम की कार्यक्षमता और परफॉर्मेंस सुधारने के लिए की जा रही है। डाउनटाइम के दौरान 139 पीएनआर पूछताछ सेवा, ईडीआर (इलेक्ट्रॉनिक डाटा रिकॉर्ड), दिल्ली पीआरएस सेवाएं और ऑनलाइन टिकट बुकिंग या कैंसिलेशन सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

## दिल्ली दंगा : कपिल मिश्रा को बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को बीजेपी नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ 2020 के दिल्ली दंगों के सिलसिले में एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अश्वनी पनवार ने यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा दायर इस याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इलियास ने सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत कोर्ट से गुहार लगाई थी।

## तिरुमला लड्डू विवाद सुनवाई होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तिरुमला लड्डू विवाद के बारे में पोस्टर या सार्वजनिक बयानों के माध्यम से कथित तौर पर गलत सूचना फैलाने वाले व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने चार अक्टूबर 2024 को पांच-सदस्यीय एक स्वतंत्र विशेष जांच दल का गठन किया था, ताकि तिरुपति में लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच की जा सके और 'करोड़ों लोगों की भावनाओं को शांत किया जा सके'। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया था कि अदालत को 'राजनीतिक युद्धक्षेत्र' के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

## बंगाल के लिए भाजपा के 140 उम्मीदवार तय!

**नई दिल्ली।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पश्चिम बंगाल और केरल के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक बंगाल की करीब 160 सीटों पर विचार किया गया और लगभग 140 सीटों के उम्मीदवारों पर सहमति बनी। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी की चुनाव समिति के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में खास तौर पर पश्चिम बंगाल की कई सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बताया जा रहा है कि पार्टी ने कई सीटों पर संभावित उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।

## 12 अवैध बांग्लादेशियों को असम से वापस भेजा



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि पड़ोसी देश बांग्लादेश से आए 12 अवैध प्रवासियों को वापस भेज दिया गया है। शर्मा ने हालांकि यह नहीं बताया कि इन प्रवासियों को किस जिले में पकड़ा गया था या सीमा के किस सेक्टर से उन्हें वापस भेजा गया। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''मिशन क्लीन अप जारी है। तड़के 12 अवैध प्रवासियों की पहचान की गई और उन्हें वहीं वापस वहीं भेज दिया गया, जहां से वे आए थे।'

### अफगानिस्तान पर पाक का हवाई हमला

## आम नागरिकों के घरों को निशाना बनाया, 4 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने शुक्रवार सुबह पाकिस्तान की सेना पर काबुल और दक्षिणी प्रांत कंधार में रात भर जारी रहे हवाई हमलों में नागरिकों के घरों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। तालिबान सरकार ने कहा कि हमले में कम से कम 4 आम नागरिक मारे गए हैं। सरकारी प्रवक्ता जबिहुल्ला मुजाहिद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि पाकिस्तान के विमान ने कंधार हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन 'काम एयर' से संबंधित ईंधन डिपो (ईंधन भंडार केंद्र) पर भी हमला किया।

### *पाक ने इस्लामाबाद में 2 ड्रोन मार गिराए*

*पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोटकों से भरे दो ड्रोन मार गिराए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक ड्रोन फैजाबाद इलाके के पास गिरा, जबकि दूसरा I-9 सेक्टर में गिराया गया। पहले अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि अफगान वायुसेना ने खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट क्षेत्र में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।*



### *नदी में गिरा वाहन पुलिसकर्मी की मौत*

*जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में एक वाहन के सड़क से फिसलकर नदी में गिर जाने से एक पुलिसकर्मी और उसकी पत्नी की मौत हो गई जबकि उनके दो बच्चे घायल हो गए। हादसे में भदेरवाह के मुख्य आरक्षी जुल्फिकार अली और उनकी पत्नी रेहाना बेगम की मौके पर ही मौत हो*

### आंध्र प्रदेश में डीआरआई की बड़ी कार्रवाई

## 47 करोड़ की अवैध सिंथेटिक ड्रग और 3.5 टन रसायन जब्त, 2 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले के कोंडापल्ली इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया में एक गुप्त संयंत्र पकड़ा है, जो अलप्राज़ोलम का उत्पादन कर रहा था। यह एक साइकोट्रॉपिक पदार्थ है, जिसे नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सबस्टेंसेस एक्ट के तहत नियंत्रित किया जाता है। छापेमारी के दौरान 237 किलो अलप्राजोलम जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 47 करोड़ रुपए है। इस अभियान को 'ऑपरेशन व्हाइट हैमर' का कोड नाम दिया गया था। इस अभियान में औद्योगिक सेटअप का खुलासा हुआ, जो कथित तौर पर अलप्राज़ोलम का उत्पादन कर रहा था और इसे रासायनिक निर्माण इकाई के आड़ में छिपाया गया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28